दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। मंगलवार 03 मार्च -2026 | वर्ष : 11 अंक : 71 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3










## ईरान-अमेरिका युद्ध पर बोले पीएम मोदी 'भारत विश्व में शांति-स्थिरता का पक्षधर'

**नई दिल्ली:** इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमले के बाद पश्चिम एशिया में जारी तनाव पर पीएम मोदी ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति हमारे लिए गहरी चिंता का विषय है। भारत डायलॉग और डिप्लोमेसी के माध्यम से सभी प्रकार के विवादों का समर्थन करता है। नई दिल्ली में सोमवार को कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव पर अपना पक्षा रखा। उन्होंने कहा, वर्तमान में चल रहे अनेक तनावों को लेकर भारत की सोच स्पष्ट है। हमने सदैव शांति और स्थिरता बनाए रखने का आह्वान किया, जब दो लोकतंत्र एक साथ खड़े होते हैं तो वह और भी सशक्त हो जाते हैं।




### पूर्व सुप्रीम लीडर खामेनेई की पत्नी की मौत

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की पत्नी मंसूरेह खोजस्तेह बाघेरजादेह का निधन हो गया है। ईरान के सरकारी मीडिया के मुताबिक, 2 दिन पहले हुए अमेरिका और इजराइल के हमलों में वे घायल हो गई थीं। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



**पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर जताई चिंता :** पीएम मोदी ने कहा, पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति हमारे के लिए गहरी चिंता का विषय है। भारत डायलॉग और डिप्लोमेसी के माध्यम से सभी प्रकार के विवादों के समाधान का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, इस क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए हम सभी देशों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे। सदैव शांति और स्थिरता बनाए रखने का आह्वान किया। पश्चिम एशिया की स्थिति वर्तमान में चिंताजनक।

डायलॉग और डिप्लोमेसी से विवाद का हल निकालने की सलाह

भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए देशों के साथ मिलकर काम करेगा भारत

**इंडिया-कनाडा डिफेंस डायलॉग की स्थापना :** भारत और कनाडा के बीच हुए समझौतों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हम डिफेंस इंडस्ट्रीज, मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस और मिलिट्री एक्सचेंज बढ़ाने पर काम करेंगे। इसी उद्देश्य से आज हमने इंडिया-कनाडा डिफेंस डायलॉग की स्थापना करने का फैसला लिया है।

उन्होंने कहा कि हम सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरपंथ दोनों देशों के लिए ही नहीं, पूरी मानवता के लिए साझा और गंभीर चुनौतियां हैं। इनके विरुद्ध हमारा करीबी सहयोग वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने कहा कि हमारी पहली बैठक से ही हमारे संबंधों में एक नई ऊर्जा, परस्पर विश्वास और सकारात्मकता आई है।

## पूर्व मेयर आशा शर्मा को नहीं आये वर्तमान मेयर सुनीता दयाल के शब्द रास
### कहा, मेरे कार्यकाल में नियमानुसार हुआ था हाउस टैक्स का प्रस्ताव पास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आशा शर्मा गाजियाबाद की मेयर रही हैं और उनके कार्यकाल में गाजियाबाद को स्वच्छता में नंबर वन रैंक मिली थी। पूर्व होने के बाद से उन्होंने कभी निगम के किसी मामले को लेकर बयान नहीं दिया।

टैक्स प्रकरण पर भी पूर्व मेयर अशु वर्मा को दो बार खुलकर सोशल मीडिया पर सामने आये लेकिन आशा शर्मा ने खुद को साईलेंट मोड पर रखा। लेकिन उनका धैर्य तब टूटा जब एक समाचार पत्र में वर्तमान मेयर ने पूर्व मेयर आशा शर्मा (आशा शर्मा के अनुसार) के खिलाफ बयान दिया। इसके बाद लंबे समय के बाद पूर्व मेयर आशा शर्मा ने चुप्पी तोड़ी और उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को पत्र लिखा।

उन्होंने इसकी प्रतिलिपि क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया को भी भेजी और कई मुद्दों का जिक्र करते हुए उन्होंने वर्तमान मेयर को संयम बरतते हुए जनता की भलाई के कार्य करने का सुझाव दिया। उन्होंने लिखा कि वर्तमान मेयर को संयम बरतते हुए जनता की भलाई करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के सपनों को आगे बढ़ाना चाहिए, नाकि झूठी बयानबाजी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विवाद को सुलझाने की बजाय, इस आक्रोष को शांत करने के बजाय समाचार पत्रों के माध्यम से पूर्व मेयर पर ठीकरा फोड़ना चाह रही हैं। उन्होंने समाचार पत्र में पूर्व मेयर आशा शर्मा के खिलाफ बयान दिया है। इस तरह की बयान बाजी भाजपा पर बुरा प्रभाव डालती है। पूर्व मेयर आशा शर्मा ने अपने पत्र में कहा है कि सत्य यह है कि मेरे कार्यकाल में नगर निगम की बोर्ड मीटिंग में नगर निगम द्वारा डीएम सर्किल रेट के अनुसार हाउस टैक्स लगाने का प्रस्ताव किया गया था। जिसे मैंने और पार्षदों ने ठुकरा दिया था। फिर बोर्ड की अगली मीटिंग में 10 प्रतिशत हाउस टैक्स बढ़ाने का प्रस्ताव पास कर लिया था। जिसके कारण नगर निगम जनता पर टैक्स का भारी बोझ नहीं लाद पाया था और यह प्रकरण समाप्त हो गया था। नगर निगम के अधिकारियों ने यह सूचना शासन के समक्ष भी भेज दी थी।



वर्तमान मेयर महोदय अगर गाजियाबाद की जनता की बात सुनती और इस हाउस टैक्स की भारी बढ़ोत्तरी रोकने के लिए शासन और प्रदेश सरकार से बात करतीं तो वर्तमान स्थिति पैदा ही नहीं होती। जनता भी संतुष्ट रहती और भाजपा की किरकिरी नहीं होती। निवेदन है कि भाजपा संगठन इस मामले में दखल दे ताकि गाजियाबाद में वर्तमान मेयर के व्यवहार तथा गैर जिम्मेदार बयानों से फैलते हुए असंतोष को रोका जा सके और आगामी चुनाव में हानि ना पहुंचे।

## जीशान एनकाउंटर मेरा बर्थडे गिफ्ट : नंदकिशोर गुर्जर

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सलीम वासतिक पर जानलेवा हमले के आरोपी जीशान के एनकाउंटर के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस कार्रवाई को अपना बर्थडे गिफ्ट बताते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस और राज्य सरकार का आभार जताया है। शनिवार देर रात हुई मुठभेड़ में गाजियाबाद पुलिस ने सलीम वासतिक पर हमले के आरोपी जीशान को ढेर कर दिया। इस कार्रवाई के बाद सोमवार को एक व्हाट्सएप ग्रुप में विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर ने लिखा कि यह उनके जन्मदिन पर मिला उपहार है, जो उत्तर प्रदेश पुलिस और योगी सरकार की सख्ती का परिणाम है। विधायक लोनी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि कानून से खिलवाड़ करने वालों के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने गाजियाबाद पुलिस और पुलिस कमिश्नर जे रंविदर गौड की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्रवाई सिर्फ लोनी या गाजियाबाद तक सीमित नहीं है, बल्कि उन सभी तत्वों के लिए कड़ा संदेश है जो शांति और कानून व्यवस्था को चुनौती देने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि अपराध और साजिश में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।




विधायक ने यह भी कहा कि जो भी इस साजिश में शामिल है, चाहे वह देश में हो या बाहर, उत्तर प्रदेश पुलिस उसे ढूंढ निकालेगी। इस मुठभेड़ के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस की सख्ती और कार्रवाई को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं।

## खग्रास चंद्र ग्रहण का प्रभाव, आज बंद रहेंगे शहर के मंदिरों के कपाट
### ग्रहण काल में घर पर ही रहकर करें पूजा-पाठ : महंत नारायण गिरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर पड़ रहे खग्रास चंद्र ग्रहण के चलते मंगलवार को शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष धार्मिक व्यवस्था लागू रहेगी। ग्रहण को लेकर श्रद्धालुओं में आस्था और परंपरा के अनुरूप तैयारियां की जा रही हैं। ज्योतिषीय गणना के अनुसार चंद्र ग्रहण दोपहर 3:20 बजे प्रारंभ होकर शाम 6:47 बजे तक रहेगा, जबकि पूर्णिमा तिथि की शुरूआत शाम 5:08 बजे से होगी। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में यह खग्रास चंद्र ग्रहण शाम 6:20 से 6:30 बजे के बीच स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार ग्रहण से नौ घंटे पूर्व सूतक काल प्रारंभ हो जाता है। इसी परंपरा का पालन करते हुए शहर के मंदिरों में सुबह मंगला आरती और नियमित पूजन के बाद कपाट बंद कर दिए जाएंगे। ग्रहण समाप्ति के पश्चात मंदिरों में शुद्धिकरण और विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी, जिसके बाद शाम लगभग 7 बजे मंदिर श्रद्धालुओं के लिए पुनः खोल दिए जाएंगे। इस प्रकार मंगलवार को सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे।

### दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में विशेष प्रबंध

करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने बताया कि 3 मार्च, मंगलवार को चंद्र ग्रहण के सूतक के कारण मंदिर के कपाट सुबह 6 बजे बंद कर दिए जाएंगे। ग्रहण की समाप्ति के बाद मंदिर शाम 7 :30 बजे पुनः श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोला जाएगा। उन्होंने आगे जानकारी दी कि 4 मार्च को धुलेंडी के दिन सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मंदिर के कपाट सुबह बंद कर दिए जाएंगे और शाम को दोबारा खोले जाएंगे। होली के दिन हर वर्ष एहतियातन मंदिर कुछ समय के लिए बंद रखा जाता है ताकि शांति और व्यवस्था बनी रहे। मंदिर प्रबंधन की ओर से श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे ग्रहण काल में घर पर ही पूजा-पाठ करें, धार्मिक मर्यादाओं का पालन करें और प्रशासन व मंदिर प्रबंधन द्वारा जारी निर्देशों का सहयोग करें। आस्था, परंपरा और सुरक्षा—तीनों को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था लागू की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान भी बना रहे और व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित हो सके।



## होली को लेकर पुलिस हुई अलर्ट, सड़कों पर उतरे वरिष्ठ अधिकारी
### सीपी, एडिशनल सीपी, डीसीपी और एसीपी ने की गश्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार की देर रात पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आई। पुलिस कमिश्नर जे रविन्दर गौड स्वयं सड़कों पर उतरे और शहर के विभिन्न इलाकों में पैदल गश्त व निरीक्षण किया।



उनके साथ अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था/यातायात) राजकरन नैय्यर और पुलिस उपायुक्त (ट्रांस हिंडन जोन) निमिष पाटील मौजूद रहे।

मोहननगर चौराहे पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया, जहां संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहन जांच की गई। वहीं एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने अपने-अपने सर्किल में पैदल गश्त कर शेष, पृष्ठ 6

## कमिश्नरेट में 5 महीने में दो फुल एनकाउंटर
### सीपी का अपराधियों को कड़ा संदेश, क्राइम ब्रांच की टीम ने फिर निभाई अहम भूमिका

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते पांच महीनों के भीतर दो कुख्यात इनामी बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया गया है। हालिया कार्रवाई में लोनी इलाके में एक लाख रुपये के इनामी बदमाश जीशान को पुलिस ने बीती देर रात एनकाउंटर में ढेर कर दिया। इससे पहले सिटी जोन के थाना वेव सिटी क्षेत्र में 50 हजार रुपये के इनामी बलराम ठाकुर को भी पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के कार्यकाल में हुई इन दोनों बड़ी कार्रवाइयों को अपराध के खिलाफ सख्त रुख के रूप में देखा जा रहा है। लोनी क्षेत्र में जीशान पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। उस पर लोनी निवासी सलीम पर जानलेवा हमला करने का आरोप था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने उसकी तलाश तेज कर दी थी। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ के दौरान थानाध्यक्ष लोनी मुकेश सोलंकी, सिपाही विपिन ठाकुर और अभिषेक को भी गोली लगी, हालांकि सभी खतरे से बाहर हैं।



पुलिस ने जीशान के फरार साथियों की तलाश भी शुरू कर दी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत दिए थे। लोनी की घटना के बाद राजनीतिक बयानबाजी भी हुई, लेकिन एनकाउंटर के बाद पुलिस की कार्रवाई की सराहना की जा रही है।

### सितंबर में वेव सिटी में बलराम ठाकुर का खात्मा

करंट क्राइम : इससे पहले थाना वेव सिटी क्षेत्र में 50 हजार के इनामी बदमाश बलराम ठाकुर को क्राइम ब्रांच सर्वाट टीम ने संयुक्त ऑपरेशन में मार गिराया था। बलराम ठाकुर कुख्यात अनिल दुजाना गैंग से जुड़ा बताया जाता था और उस पर रंगदारी मांगने समेत कई गंभीर आरोप थे। दोनों ही ऑपरेशनों में एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह और स्मार्ट टीम प्रभारी अनिल राजपूत की टीम सक्रिय रही।



इनामी बदमाश जीशान | 50 हजार के इनामी बदमाश बलराम ठाकुर

### पुलिस कमिश्नर का साफ संदेश



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने मौके पर पहुंचकर मीडिया को जानकारी दी और स्पष्ट किया कि गाजियाबाद में अपराधियों को सक्रिय नहीं रहने दिया जाएगा। पांच महीने में दो फुल एनकाउंटर—एक सिटी जोन में और दूसरा देहात जोन में—यह दर्शाता है कि कमिश्नरेट अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहा है। दोनों ही मामले बेहद संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण माने जा रहे थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, फील्ड स्तर पर मजबूत रणनीति और संयुक्त टीमवर्क के चलते इन ऑपरेशनों को अंजाम दिया गया।

## जीशान के भाई पर भी पुलिस की टेढ़ी नजर, सलीम वास्तविक का इलाज जारी

**एनकाउंटर का फॉलोअप**

**गाजियाबाद, करन्ट क्राइम:** गाजियाबाद के लोनी में हुए चर्चित एनकाउंटर के बाद अब जांच का दायरा और बढ़ा दिया गया है। यूट्यूबर सलीम वास्तविक पर जानलेवा हमले के मुख्य आरोपी जीशान के आपराधिक नेटवर्क और उसके परिवार की भूमिका को लेकर पुलिस गहराई से पड़ताल कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जीशान लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था। इलाके में रंगदारी और धमकी देने के मामलों में उसका नाम सामने आता रहा। अवैध हथियारों की सप्लाई और गैंग से जुड़ाव की भी जांच चल रही है। सोशल मीडिया पर रील और पोस्ट के जरिए अपनी दबंग छवि बनाने की कोशिश करता था। स्थानीय स्तर पर छोटे-बड़े विवादों में सेटलमेंट के नाम पर दखल देने की भी जानकारी मिली है। हालांकि, पुलिस अब उसके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड और गैंग कनेक्शन को खंगाल रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि सलीम वास्तविक पर हमला किसी व्यक्तिगत रंजिश का नतीजा था या बड़ी साजिश का हिस्सा।

### भाई और करीबी सहयोगियों पर फोकस

करंट क्राइम : एनकाउंटर के बाद जीशान के भाई की गतिविधियां भी जांच के घेरे में हैं। कॉल डिटेल रिकॉर्ड, लोकेशन हिस्ट्री और आर्थिक लेन-देन की बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हमले की साजिश में परिवार या गैंग के अन्य सदस्यों की क्या भूमिका रही। मुठभेड़ के बाद एक साथी अब भी फरार बताया जा रहा है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है।



### सलीम वास्तविक का इलाज जारी

करंट क्राइम : 26 फरवरी को अली गार्डन स्थित कार्यालय में हुए हमले में घायल सलीम वास्तविक का इलाज दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत में सुधार है। पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों का कहना है कि गाजियाबाद में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। साजिश में शामिल हर शख्स पर सख्त कार्रवाई होगी। एनकाउंटर के बाद अब पूरा फोकस जीशान के नेटवर्क, उसकी फंडिंग और सहयोगियों की पहचान पर है—आने वाले दिनों में कई और खुलासे संभव हैं।



# रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी मजबूत

## भारत-कनाडा ने 50 अरब डॉलर व्यापार का रखा लक्ष्य



**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा ने ईरान संकट पर कूटनीतिक चर्चा के साथ आर्थिक और रणनीतिक संबंध मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। दोनों देश साल के अंत तक मुक्त व्यापार समझौता करने और 2030 तक व्यापार 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। यूरेनियम आपूर्ति, परमाणु ऊर्जा, रक्षा, तकनीक और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी है। वैश्विक तनाव और बदलते भू-राजनीतिक हालात के बीच भारत और कनाडा ने अपने संबंधों को नई दिशा देने की पहल की है। ईरान में जारी संकट को लेकर दोनों देशों के बीच अहम कूटनीतिक चर्चा हुई है। इसी के साथ व्यापार, ऊर्जा और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी है। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की बैठक के बाद दोनों देशों ने रिश्तों को मजबूत करने का स्पष्ट संकेत दिया।

भारत के विदेश मंत्री ने बताया कि ईरान संकट को लेकर भारत और कनाडा के बीच बातचीत हुई है। इस चर्चा का उद्देश्य पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को समझना और कूटनीतिक समाधान तलाशना है। दोनों देशों ने माना कि क्षेत्र की अस्थिरता का असर वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। इसलिए संकट के प्रभाव को कम करने और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए सहयोग जरूरी है।

### व्यापार समझौते को लेकर बड़ा लक्ष्य

बैठक के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि भारत और कनाडा इस साल के अंत तक मुक्त व्यापार समझौता पूरा करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार 2030 तक बढ़कर 50 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। फिलहाल द्विपक्षीय व्यापार करीब 9 अरब डॉलर के आसपास है और दोनों देश इसे तेजी से बढ़ाना चाहते हैं।

**अमेरिका से अलग व्यापार रणनीति :** भारत और कनाडा दोनों ही अपने व्यापारिक संबंधों को विविध बनाने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका की टैरिफ नीतियों के बाद कई देश नए आर्थिक साझेदार तलाश रहे हैं। मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के बीच भारत और कनाडा स्वच्छ ऊर्जा, खनिज और तकनीकी क्षेत्रों में नए अवसर खोज रहे हैं ताकि वैश्विक व्यापार में संतुलन बनाया जा सके।

बैठक के अंत में दोनों नेताओं ने कहा कि यह सिर्फ पुराने रिश्तों की बहाली नहीं बल्कि भविष्य की नई साझेदारी की शुरूआत है। भारत और कनाडा ने आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक स्थिरता के मुद्दों पर साथ काम करने का भरोसा जताया। दोनों देशों का मानना है कि मजबूत सहयोग से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई आर्थिक और रणनीतिक संभावनाएं खुलेंगी।

### यूरेनियम समझौता और परमाणु ऊर्जा सहयोग

दोनों देशों के बीच नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी बड़ा समझौता हुआ है। भारत और कनाडा की कंपनी के बीच दीर्घकालिक यूरेनियम आपूर्ति को लेकर समझौता किया गया है। इसका उद्देश्य भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता को मजबूत करना और स्वच्छ तथा भरोसेमंद ऊर्जा उत्पादन बढ़ाना है। दोनों देश छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और उन्नत परमाणु तकनीक पर भी मिलकर काम करेंगे।

### रक्षा और समुद्री सुरक्षा पर सहयोग

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा रक्षा उद्योगों को मजबूत करने और समुद्री क्षेत्र की निगरानी बढ़ाने पर भी साथ काम करेंगे। इसके अलावा स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि मूल्य श्रृंखला और नई तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। दोनों देशों ने निवेश, नवाचार और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने को भी प्राथमिकता बताया।

### तनाव के बाद रिश्तों में सुधार

कनाडा के प्रधानमंत्री की यह यात्रा ऐसे समय हुई है जब 2023 में दोनों देशों के रिश्तों में गंभीर तनाव आ गया था। उस समय लगाए गए आरोपों के बाद राजनयिक विवाद बढ़ा और व्यापार वार्ता भी रुक गई थी। अब दोनों देशों ने संवाद बढ़ाकर संबंधों को फिर से सामान्य करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। कार्नी ने कहा कि पिछले एक साल में दोनों सरकारों के बीच अभूतपूर्व स्तर पर बातचीत हुई है।

# अमित शाह का दावा- बंगाल में तुष्टिकरण से विकास नहीं हो सकता

## आठ लाख करोड़ के कर्ज में डूबा है राज्य




**बंगाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल में चुनावी बिगुल फूंका। उन्होंने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में एक जनसभा के दौरान तृणमूल कांग्रेस की नीतियों और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण से राज्य का विकास नहीं हो सकता।

शाह ने दावा किया कि राज्य आठ लाख करोड़ के कर्ज में डूबा है। शाह ने मदरसों को मिलने वाली आर्थिक मदद पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने दूसरे राज्यों के विपक्षी दलों की सियासत पर भी हमले बोले। उन्होंने बिहार, असम, तमिलनाडु जैसे राज्यों में परिवारवाद का आरोप लगाते हुए तेजस्वी यादव, गौरव गोगोई और एमके स्टालिन की राजनीति पर भी तीखी टिप्पणी की।

आगे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य राज्य में बदलाव लाना और बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल में भ्रष्ट तृणमूल कांग्रेस सरकार को हटाकर विकास का नया दौर शुरू करना चाहती है। शाह ने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण राज्य का विकास प्रभावित हुआ है और बंगाल की स्थिति लगातार खराब हुई है।

### ममता बनर्जी पर अमति शाह ने साधा निशाना

अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर गलती से फिर तृणमूल कांग्रेस सत्ता में लौटती है तो सरकार ममता बनर्जी नहीं बल्कि उनके भतीजे द्वारा चलाई जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी राज्य के विकास में रुचि नहीं रखतीं और सिर्फ अभिषेक बनर्जी को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। शाह ने यह भी कहा कि पूर्व डीजीपी राजीव कुमार को राज्यसभा भेजा जा रहा है, जिनके कार्यकाल में बंगाल में भ्रष्टाचार बढ़ा।

### घुसपैठियों पर कही ये बात

गृह मंत्री ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल को घुसपैठियों के लिए सुरक्षित जगह बना दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर घुसपैठियों को राज्य से बाहर किया जाएगा और सीमा वाले राज्य की सुरक्षा मजबूत की जाएगी। शाह ने भरोसा दिलाया कि किसी भी हिंदू शरणार्थी की नागरिकता नहीं छीनी जाएगी।

# सीएम ममता ने ईसी पर लगाए गंभीर आरोप

## कहा- एसआईआर के दौरान भाजपा की मदद के लिए काटे गए मतदाताओं के नाम

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य की विपक्षी राजनीतिक पार्टी-भाजपा के बीच जमकर जुबानी जंग हो रही है। सीएम ममता ने चुनाव आयोग (एउक) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि रक्क़ के दौरान भाजपा की मदद करने के लिए मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल गर्म होता जा रहा है। दक्षिण 24 परगना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा की शुरूआत करते हुए तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। इसके कुछ ही घंटों बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में जवाबी हमला करते हुए भाजपा और चुनाव आयोग दोनों पर गंभीर आरोप



लगाए। राज्य में अब चुनाव से पहले राजनीतिक बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं।

अमित शाह ने अपनी रैली में ममता बनर्जी सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और दावा किया कि इस बार चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की विदाई तय है।

### भवानीपुर सीट का दिया उदाहरण

ममता बनर्जी ने कहा कि उनके खुद के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इसके बावजूद उन्होंने भरोसा जताया कि जनता का समर्थन उनके साथ है। उन्होंने कहा कि अगर एक भी वोटर बचा रहेगा तो भी वह चुनाव जीत जाएंगी। मुख्यमंत्री ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा को निशाना बनाते हुए कहा कि यह बंगाल में भाजपा की आखिरी राजनीतिक यात्रा साबित होगी।

### मतदाता सूची में बड़े बदलाव से बढ़ी सियासत

राज्य में जारी विशेष पुनरीक्षण के बाद लाखों मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं और बड़ी संख्या में मतदाताओं की पात्रता जांच के दायरे में रखी गई है। इसे लेकर राजनीतिक विवाद और गहरा गया है। एक तरफ भाजपा इसे चुनाव प्रक्रिया की सफाई बता रही है, वहीं तृणमूल कांग्रेस इसे राजनीतिक साजिश करार दे रही है। चुनाव नजदीक आते ही बंगाल की राजनीति और अधिक गरमाने के संकेत मिल रहे हैं।

### मतदाता सूची को लेकर ममता बनर्जी का बड़ा आरोप

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर सीधा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में असली मतदाताओं के नाम जानबूझकर हटाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए यह कार्रवाई की गई। ममता बनर्जी ने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

# प्रेस क्लब मोदीनगर के होली मिलन में 'जूनियर सनी देओल' ने बांधा समां, फूलों और चंदन से खेली गई होली





**मोदीनगर, करंट क्राइम।** स्थानीय 'दुल्हन बैंकट हॉल' में प्रेस क्लब मोदीनगर द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के प्रबुद्धजनों, राजनेताओं, उद्यमियों और समाजसेवियों ने एकता और आपसी सौहार्द का संदेश देते हुए फूलों और चंदन की होली खेली। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इंडियन लाफ्टर चैलेंज फेम जूनियर सनी देओल (राजीव कुमार) रहे। उन्होंने बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की मिमिक्री कर उपस्थित जनसमूह का भरपूर मनोरंजन किया और जमकर तालियां बटोरीं।

समारोह में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. मंजू शिवाच, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, और पूर्व पालिकाध्यक्ष पं. सुदेश शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। वक्ताओं ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना पर जोर देते हुए कहा कि होली दिलों को जोड़ने और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। प्रेस क्लब के संरक्षक चंद्रशेखर त्यागी ने प्रहलाद-होलिका प्रसंग के माध्यम से भाईचारे का संदेश दिया।

कार्यक्रम में एसीपी (क्राइम) अमित सक्सेना, थाना प्रभारी आनंद प्रकाश मिश्रा, उद्यमी राज ढिंगरा, और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं सहित भारी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता पत्रकार राकेश शर्मा ने की तथा संचालन संस्था के अध्यक्ष अरुण वर्मा व योगेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। अंत में सभी अतिथियों को पटका भेंट कर सम्मानित किया गया।

# व्यापार मंडल के होली मिलन में राधा-कृष्ण की झांकी ने मोहा मन





**मोदीनगर, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा एक निजी बैंकट हॉल में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान और अध्यक्षता शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक डॉ. मंजू शिवाच उपस्थित रहीं। वृंदावन से आई राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी और प्रेम सैनी के गीतों व भजनों ने व्यापारियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्था के अध्यक्ष अमित गोयल और गोविंदपुरी अध्यक्ष सतेंद्र गुप्ता के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में मोदीनगर, फरीदनगर, भोजपुर, निवाड़ी सहित कई क्षेत्रों के व्यापारियों ने शिरकत की। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा, पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली और पूर्व विधायक पं. सुदेश शर्मा समेत कई गणमान्य लोगों ने व्यापारियों को पटका पहनाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

# स्वर्णकार समाज ने मनाया होली मिलन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** स्वर्णकार समाज मोदीनगर ने अपना होली मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम में पंहुचे शोहरतगढ़ स विधायक विनय वर्मा ने होली की शुभकामनाऐं देते हुये संगठन को मजबूत करने व एकजुटता का संदेश दिया।

हरमुखपुरी स्थित धीरज सोनी के आवास पर आयोजित हुये कार्यक्रम में विधायक विनय वर्मा व उनके नीजी सचिव हर्षित वर्मा का स्वर्णकारबंधुओं ने जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक विनय वर्मा ने समाज के लोगों को होली की शुभकामनाऐं दी और समाज के बच्चों को शिक्षित बनाने के साथ ही राजनीति में भागेदारी के लिये आगे आने की सीख दी। संस्था के अध्यक्ष मोहित सोनी, संरक्षक ब्रजमोहन वर्मा, धीरज सोनी, नवीन त्यागी, जगदीश मदान, राकेश शास्त्री, पर्यावरणविद् विष्णु वर्मा, परमात्मा शरण वर्मा, राजन वर्मा, तरूण वर्मा, डॉ0 ऋषिपाल वर्मा, एडवाकेट जितेन्द्र वर्मा, सुंदर लाल सोनी, कपूरचंद सोनी, निवोक हॉस्पिट्ल के निदेशक अतुल वर्मा, विकास सोनी आदि मौजूद रहें।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में संपन्न हुआ सांस्कृतिक उत्सव 'वैजी टेल्स फ्रॉम सुपरमार्केट'





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को हैल्दी प्लनेट (अर्ली इयर) का सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस नाटक को प्री नर्सरी, नर्सरी व के.जी के 303 छात्रों ने उत्साह के साथ प्रस्तुत किया। यह समाराह तीन पारी में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ० सारिका जैन व डॉ० सुभाष जैन रहे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण नाटक की कहानी ' वैजी टेल्स फ्राम सुपरमार्केट' थी, जो अंग्रेजी में थी। विद्यालय की एक्जीक्यूटिव हैड सुजैन होम्स ने समस्त अभिभावकों तथा गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा, ऐसे समारोह सामूहिक प्रयासो को प्रदर्शित करते है। हमारा विद्यालय बच्चों के विकास के लिए सदा प्रतिबद्ध है और रहेगा। इस कार्यक्रम को संभव बनाने में हमारे अध्यापकगण व अभिभावकों ने पूर्ण सहयोग दिया। इसके लिए विशेष रूप से हमारे नन्हे-नन्हे छात्र बधाई के पात्र हैं। कक्षा नवमी के छात्रों ने विद्यालय की शैक्षणिक तथा सहशैक्षणिक उपलब्धि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आरंभ नाटक की 'मेकिंग' को दिखाकर किया गया। यह नाटक हमारी प्रतिदिन की सब्जियों पर आधारित था। इसके माध्यम से छात्रों ने यह जानकारी देने का प्रयास किया कि जिन सब्जियों को हम अपने भोजन में शमिल करते हैं, वे हमारे स्वास्थ्य के लिए कितने आवश्यक हैं। सब्जियों के गुणों को बताता यह नाटक जानकारियों का खजाना था। नन्हे-नन्हे छात्रों ने अपने अभिनय, संवाद और नृत्य के द्वारा आमंत्रित अभिभावकों व अतिथिगणों के मन को मोह लिया। सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनन्द उठाया और उनके अभिनय और नृत्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ० अरुणाभ सिंह ने छात्रों के अभिनय की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दो व उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह के अंत में अर्ली इयर्स की प्रधानाचार्या पारुल सिंधवानी ने अपने अभिभावकों तथा अध्यापिकाओं के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के विकास मे हम सभी का योगदान अति आवश्यक है। ये नन्हे-नन्हे छात्र हमारे आनेवाले समय में अनेक क्षेत्रों के कर्णधार हैं। इन्हें सही मार्गदर्शन देना हमारा परम कर्तव्य है। इस कार्यक्रम को संभव बनाने में हमारे अध्यापकगण व अभिभावकों ने पूर्ण सहयोग दिया, जिसके लिए हम हृदय से धन्यवाद देते हैं।

# बरेली में 166वीं बार निकली ऐतिहासिक राम बरात

## आस्था और परंपरा के रंग में रंगा शहर





**बरेली।** बरेली में होली से पहले सोमवार को ऐतिहासिक राम बरात निकाली गई। इसमें बराती बने हुरियारों ने जमकर होली खेली तो पूरा शहर आस्था के रंग में सराबोर हो गया। रघुवर दूल्हा बनकर रथ पर निकले तो जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया।

होली से पहले बरेली में आस्था और परंपरा के संगम से ऐसा रंग जमा, जिसमें शहरवासी सराबोर हो गए। बरेली में 166वीं बार ऐतिहासिक राम बरात निकाली गई। बराती बने हुरियारों ने जमकर होली खेली। शहर के ब्रह्मपुरी स्थित नृसिंह मंदिर से सुबह करीब 10 बजे पूजा-पाठ के बाद राम बरात की शुरूआत हुई। रघुवर दूल्हा बनकर रथ पर निकले तो जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। रथ पर उनके साथ भ्राता लक्ष्मण और गुरु विश्वामित्र भी सवार थे। राम बरात में हजारों लोग शामिल हुए। इनका उत्साह देखते ही बन रहा था।

### हुरियारों ने की मोचार्बंदी

बरातियों के रूप में हुरियारों की टोलियों ने फूलों की बारिश के बीच रंगों से मोचार्बंदी की। हवा में उड़ता गुलाल, गुब्बारों से बरसते उमंग के रंग, सतरंगी चेहरे और चारों ओर जयकारे गूंजते रहे। जैसे-जैसे रथ आगे बढ़ता रहा, वैसे वैसे हुरियारों का उल्लास बढ़ता गया।

### शहरवासियों ने किया स्वागत

जगह-जगह पर शहरवासियों ने फूल और रंग बरसाकर राम बरात का स्वागत किया। राम बरात में रथ के साथ तमाम झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। राम बरात के दौरान पानी की कमी न हो, इसके लिए 15 जगह 17 टैंकर लगाए गए।

इस बार चंद्र ग्रहण की वजह से राम बरात होली से एक दिन पहले निकाली जा रही है। बरेली की राम बरात आसपास के जिलों में भी प्रसिद्ध है। यह अनूठी परंपरा विश्व धरोहरों में शामिल है। इसे देखने के लिए लोग आसपास के इलाकों से हजारों लोग भी पहुंचे।

राम बरात शोभायात्रा के दौरान पांच सीओ, पांच थाना प्रभारी, सात इंस्पेक्टर, 108 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल, 16 महिला कांस्टेबलों की ड्यूटी लगाई गई है। एक कंपनी पीएसी भी लगाई गई। इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने रविवार रात राम बरात के रूट का जायजा लेकर लोगों से संवाद किया।

# सेना की वर्दी में तीन संदिग्ध: पठानकोट में हाई अलर्ट, जम्मू कश्मीर के बॉर्डर पर नाकाबंदी





**पंजाब।** पठानकोट और जम्मू-कश्मीर के बॉर्डर एरिया में सेना की वर्दी में तीन संदिग्ध देखे गए हैं। इसके बाद से बॉर्डर एरिया पर नाकाबंदी कर दी गई है। पठानकोट में हाई अलर्ट है।

पठानकोट के बॉर्डर क्षेत्र बमियाल से कुछ दूरी पर स्थित जम्मू के कठुआ के गांव ऐरमां में रविवार देर रात तीन संदिग्ध व्यक्ति देखे गए हैं। इसके बाद पठानकोट में हाई अलर्ट कर दिया गया है। साथ ही बॉर्डर क्षेत्र में चौकसी बढ़ा दी गई है।

बमियाल, नरोट जैमल सिंह एरिया में पुलिस की ओर से बॉर्डर पार से आने-जाने वाले लोगों की गहन जांच शुरू कर दी है। खूफिया एजेंसियों की इनपुट के मुताबिक पठानकोट के बमियाल गांव की सीमा से लगती जिला कठुआ की पुलिस चौकी नगरी के गांव ऐरमां की एक महिला ने सेना की वर्दी पहने तीन संदिग्ध व्यक्ति देखने का दावा किया है। इसके बाद जिला कठुआ के उक्त गांव में जेएंडके पुलिस सर्च कर रही है। साथ ही पठानकोट के सीमांत एरिया में पुलिस की ओर से अपने एरिया के भीतर सुरक्षा कड़ी कर दी है। इंटर स्टेट नाकों पर सख्त पहरा लगा कठुआ से सीमांत एरिया में दाखिल होने वाले वाहनों की विशेष जांच की जा रही है। लंबे समय से जिला पुलिस अलर्ट पर है। अब चौकसी ओर बढ़ा देने से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। क्योंकि, यह एरिया सीमांत पाकिस्तान के साथ-साथ जम्मू के जिला कठुआ से लगता है। जिला कठुआ में सामने आने वाली हर असामाजिक गतिविधि को ध्यान में रखते हुए यहां चौकसी बढ़ा दी की जाती है।

गांव ऐरमां की एक महिला के मुताबिक वे रात को जैसे ही अपने कमरे से आंगन में आई तो बाहर आहत होने पर देखा कि सेना की यूनिफॉर्म पहने तीन लोग खड़े थे। महिला ने इसकी जानकारी पारिवारिक सदस्यों को दी। इसके बाद पारिवारिक सदस्यों ने निकट की गांव दरालां अपने रिश्तेदार को फोन पर जानकारी दी और पुलिस को सूचित किया। इसके बाद कठुआ पुलिस ने सर्च ऑपरेशन अभियान चलाया है।

बता दें कि जिला कठुआ का यह गांव पठानकोट के बमियाल क्षेत्र से मात्र करीब 10 किलोमीटर दूरी पर है। जिस एरिया में संदिग्ध व्यक्ति देखे जाने का मामला सामने आया है। उक्त गांव से कुछ किलोमीटर दूर जिला कठुआ का हरीया चक्क गांव पड़ता है जो पूर्व समय में संदिग्ध गतिविधियों के लिए सुर्खियों रहा है। वहां कई संदिग्ध गतिविधियां घटित हो चुकी हैं।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। मंगलवार 03 मार्च -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित


करंट क्राइम ट्वीट का कहर

Laxmikant Tripathi
1h ·

सफलता से नहीं,
उन आदतों से प्यार करो जो
सफलता लाती हैं।




# डाक बंगले वाली सीक्रेट बैठक में गंभीरता से हुआ टैक्स वाले संकट को लेकर विचार

## अधिकारियों ने रखी अपनी बात, कहा - शासन स्तर से ही कुछ हो सकता है साहब





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स वृद्धि वाला जिन्न बोतल से बाहर तो आ गया है। लेकिन वो कोर्ट के फैसले के बाद भी अब भीतर जाने को तैयार नहीं है। दरअसल इस मामले को लेकर अब ये माना जा रहा है कि इसका सीधा इफैक्ट चुनावों पर पड़ेगा और चुनावों में ज्यादा समय नहीं है। जनप्रतिनिधि चाहते हैं कि इसका फैसला हो और ऐसा फैसला हो कि जनता के बीच सरकार को लेकर सकारात्मक संदेश जाये। अधिकारी बता रहे हैं कि इसकी भूमिका तो 2021में ही बन गई थी और अगर मामला कोर्ट ना जाता तब तो यहां से दब सकता था। फाईल ठंडे बस्ते में जा सकती थी लेकिन सबसे पहली बात ये कि शासन से अनुमति लेकर ये काम हुआ और दूसरी बात ये कि कोर्ट के फैसले के बाद अब इसमें बैरियर लग गया। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही प्रकाशित कर दिया था कि टैक्स वाले मामले को लेकर सभी जनप्रतिनिधि एक साथ बैठेंगे। बता दिया था कि ये बैठक पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में होगी, इस समय होगी और ये जनप्रतिनिधि आयेंगे। सोमवार को ये बैठक हुई और उसी स्थान पर हुई। बैठक बंद कमरे में हुई और बंद कमरों में हुई चर्चा का पूरा पर्चा करंट क्राइम के पास है। सूत्र बताते हैं कि बैठक में कोई फैसला नहीं हो सका। लेकिन इस बैठक में सांसद और विधायकों से लेकर अन्य जनप्रतिनिधियों ने चिंता जरूर प्रकट की। यहां उदाहरण देकर बताया गया कि अगर इतना टैक्स जनता पर लगाया गया तो ये बड़ी समस्या होगी। यहां जनप्रतिनिधियों के चेहरे पर चुनावी चिंता दिखाई दी। उधर अधिकारी तर्क दे रहे थे कि लंबे समय से टैक्स लगाया नहीं गया था। सूत्र बताते हैं कि एक विधायक ने यह कहकर अपनी नाराजगी प्रकट की कि इधर कोर्ट का फैसला आया और उधर निगम की ओर से लोगों को फोन किये जाने लगे। इससे जनता में अजीब सा संदेश गया कि इतनी भी क्या जल्दी थीऔर अगर कोर्ट का फैसला आ भी गया था तो इंतजार हो सकता था। सूत्र बताते हैं कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने यहां टेक्निकल तर्कों के साथ अपनी बात कही और इस बैठक में ये सार निकला कि शासन से लेकर कोर्ट तक हो होना है वो होगा मगर अब जनभावना, जनहित के साथ-साथ यहां मनोविज्ञान को समझते हुए काम हो और यहां कानून से ज्यादा जनभावनाओं का सम्मान करते हुए फैसला लिया जाना है। पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में जब हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी को लेकर जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई तो इस बैठक में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मेयर सुनीता दयाल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, विधायक संजीव शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी और नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

### जनहित और न्यायहित में संतुलन साधना हमारी प्राथमिकता : अतुल गर्ग



करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी इस बैठक में शामिल हुए और उन्होंने कहा कि जनहित और न्यायहित में संतुलन साधना हमारी जिम्मेदारी है। हम समस्या का समाधान चाहते हैं और किसी भी टकराव के पक्ष में नहीं है। अधिक कर लिया जाना किसी दृष्टि से ठीक नहीं है। लेकिन कर निर्धारण के तय फार्मूले को भी हम बहुत अधिक मॉडिफाई नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा यही प्रयास है कि जनता को राहत मिले और टैक्स वृद्धि को लेकर एक सामुहिक राय स्थापित हो और ये राय जनहित में हो। जन प्रतिनिधियों ने एक प्रयास किया है और आगे भी ये प्रयास जारी रहेंगे। हम जनहित में जरूर कोई समाधान निकालने में समर्थ होंगे।

### जनता के पक्ष में होता है सरकार का फैसला : अजीत पाल त्यागी



करंट क्राइम। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि राजस्व के लिए कार्य जरूरी है लेकिन सरकार चलाने का सूत्र यह भी होता है कि कोई भी फैसला जन विरोधी नहीं होना चाहिए। हर फैसले में कानून को नहीं रखा जाता है। फैसलों में जनभावनाओं को रखा जाता है। उन्होंने कहा कि यह कर से जुड़ा मामला है और जनता पर कितना कर किस तरीके से लगाया जाना है, इसको लेकर आम सहमति बन सकती है और यही एक उपाय है।

### अधिकारियों को दिये निर्देश, बनी रहे पारदर्शिता और जनसंतुष्टि : नरेन्द्र कश्यप



करंट क्राइम। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने नगर निगम की बैठक के बाद ये कहा कि हाउस टैक्स में की गई बढ़ोत्तरी के विषय पर गहन चर्चा हुई है और जनहित में उचित समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रयास हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि शहर का विकास भी निरंतर हो और आमजनता पर टैक्स का अनावश्यक आर्थिक बोझ भी ना पड़े। इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं कि पारदर्शिता और जनसंतुष्टि बनी रहे। नगर के सर्वांगीण विकास और नागरिकों के हितों का संरक्षण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### हम सभी जनप्रतिनिधि शासन से वार्ता कर करेंगे प्रयास : मेयर सुनीता दयाल



करंट क्राइम। पीडब्लूडी बैठक के बाद मेयर सुनीता दयाल ने प्रेसनोट जारी किया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के निर्णय के संदर्भ में पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में सम्पत्ति कर को लेकर बैठक हुई। बैठक में गंभीर विचार विमर्श के बाद यह निर्णय हुआ कि सम्पत्ति कर के विषय में विधिक राय ली जायेगी। इस विषय पर हम सभी जनप्रतिनिधि शासन से वार्ता कर जनता के हित में उचित निर्णय कराने का प्रयास करेंगे तथा इस विषय पर पुन: नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

### हमारा प्रयास है जनता को मिले राहत : सुनील शर्मा



करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी इस बैठक में शामिल हुए। उन्होंनें कहा कि हम सब इस स्थिति को लेकर चिंति हैं और हमारा ये भी प्रयास है कि हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना ना हो और जनता को राहत मिल जाये। विधिक राय ली जा रही है और यह देखा जा रहा है कि पुराने फार्मूले को कैसे वापस लिया जा सकता है। हमारा प्रयास है कि जनता को राहत मिले।

### 10 मार्च को मुख्यमंत्री से मिल सकते हैं मेयर-मंत्री और प्रभारी मंत्री

करंट क्राइम। बैठक में गहन विचार-विमर्श हुआ और अधिकारियों ने अपने तर्क रखे। सूत्र बताते हैं कि इसके बाद मुख्यमंत्री से समय लेने पर सभी सहमत हुए। सूत्र बताते हैं कि 9 मार्च या 10 मार्च का समय लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात होगी। पूरा मामला उनके समक्ष रखा जायेगा। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री से प्रभारी मंत्री असीम अरूण, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, मेयर सुनीता दयाल मुलाकात करेंगे। यहां मुख्यमंत्री के समक्ष पूरा विषय रखा जायेगा।

### नहीं बढ़ने देंगे शहर में अतिरिक्त हाउस टैक्स : संजीव शर्मा



करंट क्राइम। गेस्ट हाउस मीटिंग के बाद शहर विधायक संजीव शर्मा ने करंट क्राइम से बात की। संजीव शर्मा ने पहले भी हाउस टैक्स को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। उन्होंने पहले भी कहा था कि बहुत ज्यादा करों का बोझ नहीं होना चाहिए। सोमवार को उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि जनता पर हम करों का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ने देंगे। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि एक साथ बैठे हैं और हमारी प्राथमिकता यही है कि जनहित में इसका समाधान निकले।

### जब अधिकारी बोले हमारे हाथ से निकल चुकी है बात

करंट क्राइम। बात करने के लिए अधिकारी और जनप्रतिनिधि एक साथ बैठे। इस बात पर चर्चा शुरू हुई कि अब इस पूरे मामले का समाधान कैसे हो। कैसे इस मामले को सुलझाया जाये। तब पता चला कि शासन ने ही टैक्स को लेकर प्रस्ताव मांगा था और अधिकारियों ने कहा कि बात अब नगर निगम के हाथ से निकल चुकी है। अब अगर नगर निगम कोई फैसला लेगा तो वो शासन के आदेशों की अवहेलना में आयेगा। कुल मिलाकर फाईल शासन की तरफ मूव हो गई। सार यही निकला कि अब रिमोट अब शासन के हाथ में है। शासन को ही फैसला लेना है और यह समस्या का समाधान अब या तो स्वयं मुख्यमंत्री कर सकते हैं, मुख्य सचिव कर सकते हैं और समाधान के लिए अब नीति निर्धारकों तक जाना होगा। यह एक लंबा प्रोसेज है।

### जनता को स्थिति होनी चाहिए स्पष्ट

करंट क्राइम। डाक बंगले में कैबिनेट मंत्री बैठ गये, मेयर बैठ गईं और राज्यमंत्री आ गये। शहर विधायक आ गये। सांसद आ गये। लेकिन ये पता नहीं चला कि आखिर बैठक का नतीजा क्या निकला है। जनता को कितना इंतजार करना है। क्या वो नई दरों पर टैक्स जमा करा दें, या उसे कोई राहत मिलेगी। सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मेयर सुनीता दयाल, राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप तक यह कोई नही बता रहा है कि सब विचार तो करते लेकिन इसका सार क्या निकला है। लेकिन जनता अभी भी असमंजस में है। आखिर ये स्पष्ट हो कि टैक्स पुरानी दर पर देना है या नई दरों पर जमा कराना है। जनता के सामने कोई स्थिति स्पष्ट नहीं है। जनता चाहती है कि कम से कम ये स्थिति तो स्पष्ट हो कि अब करना क्या है। सब फिर से बैठक की बात कर रहे हैं सब फिर से विचार करने की बात कह रहे हैं। मुख्यमंत्री से मिलने की बात हो रही है।

### 2021 में ही हो चुका था ये डिसीजन, अब ली जाये लीगल ओपिनियन

करंट क्राइम। डाक बंगले वाली बैठक में सरकार के मंत्री और सरकारी अधिकारी एक साथ बैठे। सब लोगों ने अपनी अपनी राय रखी। अपने तर्क रखे और यहां पता चला कि जिस बात के लिए 2026 में बैठ रहे हैं, वो तो 2021 में ही शासन के पास प्रस्ताव पहुंच गया था। तब वहीं से ओके रिपोर्ट लगी थी और कोर्ट डिसीजन से पहले ही शासन स्तर पर इसकी अनुमति थी। अब नगर निगम अपने फैसले को वापस नहीं ले सकता। क्योंकि कर वृद्धि शासन से अनुमति लेकर की गई। अब इसमें केवल विधिक राय ली जा सकती है और सैद्धान्तिक सहमति बन सकती है। लीगल ओपिनियन तक जनता को थोड़ा इंतजार करना चाहिए। शासन 2021 में ही कर बढ़ाने के लिए अनुमति दे चुका था।

### पूर्व पार्षदों के कोर्ट में जाने का भी उठा सवाल

करंट क्राइम। स्थिति कैसे बिगड़ी, अब क्या हो सकता है, जैसे सवालों के बीच ये सवाल भी उठा कि अगर पूर्व पार्षद इस मामले को लेकर हाईकोर्ट ना जाते, तो बातचीत पर सहमति बन जाती। निगम अधिकारियों ने यहां तर्क रखा और ये भी बता दिया कि फैसला तो शासन स्तर पर 2021में ही हो चुका था। लेकिन ये बिन्दु भी छाया रहा कि अगर पूर्व पार्षद कोर्ट ना जाते तो बात इतनी ना बिगड़ती।

### बोर्ड बैठक में आयेगा फिर से सर्वसम्मति प्रस्ताव

करंट क्राइम। हालांकि पहले भी बोर्ड बैठक में हाउस टैक्स की बढ़ी दर को निरस्त करने का प्रस्ताव आया था। खुद मेयर ने सदन में इसकी घोषणा की थी और उसके बाद टैक्स भी बढ़ा और लोगों के घर नोटिस भी पहुंचे। हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद अब निगम अधिकारी एक तरीके से हाथ खड़े कर चुके हैं कि वो टैक्स की दर को वापस नहीं ले पायेंगे। मंथन चिंतन वाली बैठक में इस पर भी विचार हुआ कि 7 मार्च को होने वाली बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से बढ़ी दर निरस्त करने का प्रस्ताव लाया जाये। फिर उस प्रस्ताव को लेकर एक भूमिका तैयार हो और शासन स्तर पर हस्तक्षेप हो, कर की दरें वापस हों।

### बोले अधिकारी नियम का पालन करना हमारी जिम्मेदारी

करंट क्राइम। निगम के अधिकारी भी इस बैठक में मौजूद थे और उन्होंने पूरी स्थिति स्पष्ट की। दस्तावेजों के साथ ये बताया कि वर्ष 2021 में ही शासन स्तर पर ये डिसीजन था। कर बढ़ाने की परमीशन शासन ने दी थी और कोर्ट का फैसला भी इसी नियम के तहत आया। बैठक में निगम अधिकारियों ने निगम एक्ट से जुड़े तथ्य बताये। शासन से मिली अनुमति की बात कही और ये स्पष्ट कर दिया कि हम निर्णय से बंधे हैं। हमें नियमों के भीतर ही रास्ता निकालना है। अधिकारियों ने कहा कि उनकी भी इच्छा है कि समस्या का समाधान निकले। लेकिन उनके कंधों पर राजस्व की भी जिम्मेदारी है और वह शासन के निर्देशों पर कार्य करते हैं।

# क्रान्ति वालों की रणनीति स्थल को लेकर मामला सामने आया है ताजा वो कितना ही कहें नहीं खोलना है तुम्हें ये दरवाजा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जो क्रान्ति शहर में चल रही है उसे मोहल्ले वाले जानते हैं। मौहल्ला प्रधानों का ऊफान इस समय जोरो पर है। वो इस समय एकता का नारा भी दे रहे हैं और वेलफेयर एसोसिएशन भी ले आये है। चलाने वालों ने सारे तीर चलाये हैं मगर कितने तीर निशाने पर लगे हैं ये देखने की बात है। मामला सरकार वालों और सरकारी वालों के बीच का है। बात बाहर आ गई और पता चला कि जिस रणनीति स्थल को क्रान्तिकारी अपना नया अड्डा बना रहे थे। उस पर ब्रेक लग गये। शनिवार को क्रान्तिकारियों के ग्रुप पर ऐलान हुआ कि हमें ही कुछ करना होगा। हम ही कुछ करेंगे और फिर ये हुआ कि हम उसी कमरे में बैठेंगे और वहीं से एक रणनीति बनायेंगे। लेकिन सरकार वालों को नहीं पता था कि सरकारी वालों ने भी पूरी तैयारी की है। वो तुम्हारे हर मूवमेंट से पूरी तरह अपडेट हैं। भले ही सरकार तुम्हारी हो लेकिन दरबान सरकारी है और अफसर भी सरकारी है। सूत्र बताते हैं कि अफसर ने मातहथों को पहले ही ये इंडीकेट कर दिया था कि कोई कुछ भी कहे तुम्हें सदन वाला दरवाजा नहीं खोलना है। सीधे सीधे निर्देश थे कि वो अपनी एकता का बिगुल चाय के खोखे पर बजायें, या किसी पार्क में बैठ जायें। खर्चा करने का दम हो तो रेस्टोरेंट चलें जायें मगर वो यहां ना आये। तर्क ये था कि इमारत सरकारी है और इसमें कौन, कब, कहां बैठेगा ये हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए ये निर्देश थे कि शनिवार को जब ये क्रान्तिवीर आयें तो दरवाजा ना खोला जाये। 11.30 बजे का समय रखा गया था लेकिन 12.00 बजे दो मौहल्ला प्रधान पहुंचे। जो बात ओपन होकर बाहर आई वो ये कि जिस कमरे में बैठकर रणनीति बनानी थी उसके डोर क्लोज थे। डोर अंदर से क्लोज नहीं थे बल्कि बाहर से क्लोज थे, उन पर ताला लगा था। क्रान्तिवीरों ने काफी कोशिश कर ली मगर ना चाबी मिली ना ताला खुला और फिर उनकी समझ में भी आ गया कि जब वो मिलार्ड के यहां से विनिंग वाला पोज बनाकर आये हैं तो तुम तो सिम्पली वार्ड वाले हो। सूत्र बताते हैं कि आदेश थे कि दरवाजा नहीं खुलेगा और नहीं खुला। क्रान्तिवीरों ने फिर दरवाजा ना खुलने वाली बात को बाहर कहीं खुलने ही नहीं दिया। चुपचाप कहीं बैठकर डिजीटल रणनीति बनी। लेकिन बातें बाहर आ जाती हैं और ये बात भी बाहर आ गई। पता चला कि एक बड़े अधिकारी के आदेशों के सामने एक बार फिर मौहल्ला क्रान्ति बड़ी ही शांति से वापस लौट आई। मातहथ बताते हैं कि हमें तो साहब के आदेश का पालन करना है और आदेश ये था कि कोई कुछ भी कहे, लेकिन तुम्हें ताला नहीं खोलना है। फिर मौहल्ला प्रधानों को पता नहीं किसने निर्देश दिये कि तुम्हारे लाख कहने पर भी उस कमरे का दरवाजा नहीं खुला जो बनाया ही गया तुम्हारे बैठने के लिए गया है। किस्सा ये गूंज रहा है कि मातहथों को तो आदेश थे कि तुम्हें ताला नहीं खोलना है मगर मौहल्ला प्रधानों को किसने कह दिया कि इतनी बेइज्जती के बाद भी तुम्हें बाहर मुंह नहीं खोलना है।

# गाजियाबाद पुलिस के बेड़े में शामिल हुईं 5 नई इनोवा, चार थानाक्षेत्रों में रखेंगी निगरानी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।



उत्तर प्रदेश पुलिस की यूपी-112 परियोजना के द्वितीय चरण के तहत गाजियाबाद पुलिस को 5 नई इनोवा पीआरबी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) मिली हैं। इन अत्याधुनिक वाहनों को चार अलग-अलग थानाक्षेत्रों में तैनात किया जाएगा, जिससे गश्त और आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। पुलिस लाइन से एसीपी ट्रैफिक प्रथम द्वारा सभी पांच नई पीआरबी को हरी झंडी दिखाकर उनके-उनके थानाक्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। ये वाहन थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक, विजयनगर, साहिबाबाद और लिंक रोड क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमणशील रहेंगे। एडिशनल सीपी कानून-व्यवस्था राजकरन नैय्यर ने बताया कि इन नए वाहनों के शामिल होने से संबंधित थानाक्षेत्रों में पुलिस का रिस्पांस टाइम बेहतर होगा।

उन्होंने कहा कि जब आम जनता को क्षेत्र में लगातार पुलिस वाहन दिखाई देते हैं तो इससे सुरक्षा का भाव मजबूत होता है और पुलिस पर विश्वास बढ़ता है। साथ ही, पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में भी खौफ बना रहता है। वहीं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा कि जिस तरह से गाजियाबाद पुलिस के बेड़े में लगातार नए वाहन जोड़े जा रहे हैं, उससे न केवल पुलिस की कार्यक्षमता में सुधार होगा बल्कि अपराध नियंत्रण में भी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। गौरतलब है कि कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद से गाजियाबाद में संसाधनों और तकनीकी सुविधाओं में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है, जिससे शहर में कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सके।

## संपादकीय

# खामेनेई की मौत महायुद्ध

ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई मार दिए गए। अमरीका-इजरायल ने एक हमले में उस परिसर पर एक साथ 30 विनाशक बम बरसाए, जहां खामेनेई और उनका परिवार रहते थे। खामेनेई सेफ बंकर में बताए जा रहे थे, लेकिन बम का बारूद वहां तक भी पहुंच गया। परिसर तबाह होकर मिट्टी-मलबा हो गया। खामेनेई कैसे बच सकते थे? उनके परिवार में बहू, दामाद और एक पौत्री भी विनाशक बम के शिकार हो गए। यही नहीं, मानवतावादी संगठन ह्यईरानियन रेड क्रीसेंट की रपट में खुलासा किया गया है कि ईरान में 201 लोगों की मौत हो चुकी है और 747 घायल हैं। यकीनन यह नरसंहार से भी बढ़ कर सामूहिक कत्लेआम है। ईरान के 31 प्रांतों में से 24 प्रांत युद्ध से प्रभावित हैं। ये आंकड़े बढा तय है, क्योंकि युद्ध अभी जारी है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने हमले बहुत तेज कर दिए हैं। इजरायल की राजधानी तेल अवीव में सेना के स्टाफ मुख्यालय पर मिसाइल हमला किया गया है। करीब 3 लाख लोग इजरायल में बंकरों में छिपे हैं। यह युद्ध आपसी नफरत और अस्तित्व को मिटा देने की सनक में शुरू किया गया है। खामेनेई की मौत के बावजूद ईरान की हुकूमत यथावत है। खामेनेई के बेटे मोजतबा को ईरान का नया सुप्रीम लीडर घोषित भी कर दिया गया है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कुरान का हवाला देते हुए खामेनेई की मौत का बदला लेने की कसम खाई है। ईरान में 40 दिन का मातम है। लोग रोते-बिलखते नारे लगा रहे हैं-ह्यलड़ेंगे, मरेंगे, लेकिन सरेंडर नहीं करेंगे। बहरहाल ईरान में जब तक ह्यरिवोल्यूशनरी गाड्र्स के लड़ाके जिंदा हैं और युद्धरत हैं, तब तक यह जंग खत्म नहीं हो सकती। यह एक स्वघोषित शांतिदूत द्वारा थोपे गए महायुद्ध का अभी तक का निष्कर्ष है, जो आंशिक है। क्या युद्ध भी कोई शांति-प्रयास हो सकता है? दरअसल जब से ट्रंप अमरीका के राष्ट्रपति चुने गए हैं और वह ह्यव्हाइट हाउस में आए हैं, तभी से दुनिया में युद्ध भडक रहे हैं, बल्कि फैल रहे हैं। इतना ही नहीं, अमरीका बनाम यूरोप और अमरीका बनाम नाटो के तौर पर तीखे तनाव भी सामने आए हैं। हास्यास्पद् है कि राष्ट्रपति ट्रंप लगातार दावे करते रहे हैं कि उन्होंने 8 युद्ध रुकवाए हैं। उनमें वह भारत-पाक युद्ध को भी गिनवाते हैं, जो सफेद झूठ है, तथ्यों से परे है। रूस-यूक्रेन युद्ध चार साल के बाद भी जारी है, जिसे एक माह में खत्म करने के आश्वासन पर ट्रंप ने अमरीकी जनमत का जुगाड़ किया था। अब अमरीका ने इजरायल के साथ ईरान पर महायुद्ध थोपा है, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप ईरान में परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ हैं। ईरान की कथित तानाशाह और क्रूर हुकूमत को बदलना चाहते हैं। क्या राष्ट्रपति ट्रंप दुनिया भर के ठेकेदार हैं, जो दुनिया को अपनी उंगलियों पर नचाना चाहते हैं? क्या विश्व में अब संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और सीमाओं की गरिमा शेष नहीं बची है? क्या संयुक्त राष्ट्र, सुरक्षा परिषद और संबद्ध एजेंसियों की प्रासंगिकता भी समाप्त हो चुकी है? ईरान की नाकेबंदी के लिए राष्ट्रपति ट्रंप ने करीब 50 फीसदी वायुसेना और नौसेना को मध्य-पूर्व में तैनात कराया है।

# पश्चिम एशिया तनाव से बाजार धड़ाम
## सेंसेक्स 1048 अंक टूटा, निफ्टी 312 अंक लुढ़का

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1048.34 अंक गिरकर 80,238.85 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 312.95 अंक गिरकर 24,865.70 अंक पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी तनाव का असर घरेलू शेयर बाजार पर देखने को मिला। सोमवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज हुई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1048.34 अंक या 1.29 प्रतिशत गिरकर 80,238.85 पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 312.95 अंक या 1.24 प्रतिशत गिरकर 24,865.70 पर बंद हुआ।




मार्केट एक्सपर्ट अजय बग्गा ने वैश्विक अनिश्चितता के बीच बाजारों की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि निवेशक बेहद अस्थिर माहौल में स्थिरता की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने एएनआई से बातचीत में कहा, ह्लआज की गहराई से अनिश्चित दुनिया में बाजार किसी ठोस सहारे की तलाश कर रहे हैं। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्री के इस बयान कि ईरान होरमुज जलडमरूमध्य को बंद नहीं करेगा और नई ईरानी नेतृत्व अमेरिका के साथ वार्ता फिर से शुरू करना चाहता है, इन खबरों से एशियाई बाजारों में शुरूआती भारी गिरावट के बाद जोखिम वाले एसेट्स में हल्की रिकवरी देखने को मिली है।

पहला और सबसे बड़ा जोखिम कच्चे तेल की कीमतों में उछाल है, क्योंकि होरमुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की बाधा वैश्विक तेल आपूर्ति को प्रभावित कर सकती है। भारत जैसे तेल आयात पर निर्भर देश के लिए यह महंगाई, चालू खाता घाटा और कॉरपोरेट लागत बढ़ने का कारण बन सकता है, जिससे बाजार पर अतिरिक्त दबाव बनेगा।

दूसरा बड़ा प्रभाव भारत के खाड़ी क्षेत्र में स्थित प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर पड़ सकता है। यदि शिपिंग रूट और सप्लाई चेन बाधित होती हैं, तो भारतीय निर्यातकों को नुकसान झेलना पड़ सकता है, खासकर उन सेक्टरों को जो मध्य पूर्व पर निर्भर हैं।

तीसरा जोखिम पश्चिम एशिया में काम कर रहे लगभग 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा और रोजगार से जुड़ा है। क्षेत्र में तनाव बढ़ने पर श्रम बाजार, रेमिटेंस फ्लो और भारतीय अर्थव्यवस्था पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ सकता है।

## पश्चिम एशिया में तनाव का असर, दिल्ली एयरपोर्ट पर तीसरे दिन 87 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है, जिसके चलते सोमवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर 87 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द हुईं। पिछले दो दिनों में भारतीय एयरलाइंस 760 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर चुकी हैं, जबकि आकासा एयर ने खाड़ी देशों के लिए उड़ानें 3 मार्च तक स्थगित कर दी हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के मुताबिक, पिछले दो दिनों में भारतीय एयरलाइंस ने बढ़ते तनाव के कारण कुल 760 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द की हैं। क्षेत्र में कई एयरस्पेस बंद होने से पश्चिम दिशा की उड़ानों के शेड्यूल पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने सोशल मीडिया पर कहा कि पश्चिम एशिया की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों के कारण कुछ पश्चिममुखी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी और समय-सारिणी में बदलाव हो रहा है। देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा आईजीआईए रोजाना 1,300 से अधिक उड़ानों का संचालन संभालता है, जिससे व्यवधान का व्यापक असर देखा जा रहा है।



**आकास एयर ने उड़ानों के निलंबन को 3 मार्च तक बढ़ाया**

इस बीच, आकासा एयर ने अबू धाबी, दोहा, जेद्दा, कुवैत और रियाद के लिए अपनी उड़ानों के निलंबन को 3 मार्च तक बढ़ा दिया है। एयरलाइंस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और पश्चिम एशिया से होकर गुजरने वाली उड़ानों के संचालन को लेकर सावधानी बरत रही हैं।

# भारतीय निर्यात क्षेत्र में मजबूत उछाल
## वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच 6.15% की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में भारत का बाहरी क्षेत्र मजबूत बना हुआ है और अप्रैल-जनवरी 2025-26 के दौरान कुल निर्यात 6.15% बढ़कर 720.76 अरब डॉलर पहुंच गया। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद सेवा निर्यात इसमें प्रमुख चालक रहा।



इस वित्तीय वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था का बाहरी क्षेत्र काफी मजबूत बना हुआ है। अप्रैल से जनवरी 2025-26 के बीच देश का कुल निर्यात 720.76 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले साल इसी अवधि के 679.02 अरब डॉलर से 6.15% ज्यादा है। यह जानकारी व्यापार मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट में सामने आई है। यह वृद्धि ऐसे समय में आई है जब वैश्विक व्यापारिक परिदृश्य आर्थिक नीति की अनिश्चितताओं और बदलती आपूर्ति शृंखलाओं के कारण चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। भारतीय व्यापार डेटा स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करता है।

### माल निर्यात में विविध क्षेत्रों का योगदान

माल निर्यात के मोर्चे पर, विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक वृद्धि दर्ज की गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात तेजी से बढ़ा है और यह सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक के रूप में उभरा है। इसके अलावा, फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, वस्त्र और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों ने भी निर्यात प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उल्लेखनीय है कि रक्षा निर्यात 2024-25 में रिकॉर्ड 23,622 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो उच्च-मूल्य विनिर्माण में भारत की बढ़ती उपस्थिति को दशार्ता है।

### विविधीकरण और व्यापार समझौते: निर्यात की रीढ़

भारत के निर्यात की मजबूती को उत्पादों और बाजारों में इसके विविधीकरण से भी बल मिला है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (वठउळअऊ) के व्यापार विविधीकरण सूचकांकों के अनुसार, भारत उत्पाद विविधीकरण में शीर्ष पांच ग्लोबल साउथ अर्थव्यवस्थाओं और व्यापार साझेदारी विविधीकरण में शीर्ष तीन में शामिल है। पिछले तीन वर्षों में, भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया है, जो 38 देशों को कवर करते हैं और लगभग 70 प्रतिशत वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद तक पहुंच का विस्तार करते हैं।

### भविष्य की राह: मजबूत घरेलू विनिर्माण और वैश्विक साझेदारी

घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने, व्यापार वित्त को बढ़ाने और वैश्विक साझेदारियों का विस्तार करने पर निरंतर जोर देने के साथ, भारत आने वाले महीनों में अपने निर्यात की गति को बनाए रखने के लिए अच्छी स्थिति में दिखाई देता है। महामारी के बाद के दौर में, भारत एक तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है, जो वैश्विक अनिश्चितताओं से निपटने के लिए अपनी घरेलू ताकत का लाभ उठा रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, भारत की विकास दर दुनिया के लिए ईर्ष्या का विषय है, जो एक स्वस्थ बैंकिंग प्रणाली, पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार और एक आरामदायक चालू खाता शेष द्वारा समर्थित है।

# पश्चिम एशिया युद्ध का नया असर: तेल के बाद अब गैस संकट, LNG दामों में 130% उछाल की आशंका

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से सप्लाई बाधित। गोल्डमैन सैक्स ने एशिया और यूरोप में एलएनजी गैस की कीमतों में 130% उछाल की चेतावनी दी है।



आसान भाषा में पढ़ें गैस संकट का पूरा विश्लेषण। पश्चिम एशिया में चल रहे भीषण युद्ध का असर अब केवल शेयर बाजार और कच्चे तेल तक सीमित नहीं है। 'गोल्डमैन सैक्स' की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, युद्ध के कारण एशिया और यूरोप में लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) की कीमतों में भारी उछाल आ सकता है। आइए आसान भाषा में समझते हैं कि कच्चे तेल के बाद अब यह नया गैस संकट क्यों पैदा हुआ है और इसके क्या मायने हैं।

इस पूरे संकट की जड़ 'होर्मुज जलडमरूमध्य' है, जो ईरान और ओमान के बीच स्थित एक संकरा समुद्री रास्ता है। दुनिया भर का करीब 20% तेल और गैस इसी रास्ते से गुजरता है। हालांकि यह रास्ता अभी आधिकारिक रूप से बंद नहीं हुआ है, लेकिन प्रमुख शिपिंग कंपनियों, और तेल व गैस कंपनियों ने सुरक्षा को देखते हुए यहां से अपने जहाजों की आवाजाही रोक दी है।

### गोल्डमैन सैक्स की चेतावनी-130% तक बढ़ेगा दाम

कीमतों में बेतहाशा वृद्धि: गोल्डमैन सैक्स के विश्लेषकों का अनुमान है कि अगर होर्मुज जलडमरूमध्य से गैस का निर्यात एक महीने के लिए भी रुकता है, तो एशिया में एलएनजी की कीमत 130% उछलकर 25 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू तक पहुंच सकती है। कतर और यूएई की सप्लाई पर ब्रेक: कतर दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलएनजी निर्यातक देश है, जो वैश्विक गैस सप्लाई का 20% हिस्सा अकेले देता है। कतर का सारा गैस निर्यात होर्मुज के रास्ते ही होता है। रास्ता बाधित होने से कतर और यूएई की गैस सप्लाई में भारी देरी हो रही है।

### अर्थव्यवस्था और आम लोगों पर असर

आईएनजी के कमोडिटी रणनीतिकारों (जैसे वॉरेन पैटरसन) का कहना है कि गैस सप्लाई रुकने का असली और सबसे बड़ा असर यूरोप और एशिया के गैस बाजारों पर ही पड़ेगा। स्थिति इसलिए भी गंभीर है क्योंकि इस्राइल ने भी युद्ध के कारण अपने समुद्री (ऑफशोर) गैस क्षेत्रों से गैस का उत्पादन कम कर दिया है। यद्यपि अमेरिका अपनी गैस निर्यात क्षमता बढ़ा रहा है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि खाड़ी देशों से होने वाले नुकसान की तुरंत भरपाई करने के लिए अमेरिकी सप्लाई पर्याप्त नहीं होगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनियां में सेब की इतनी प्रजातियाँ हैं कि अगर रोजाना एक सेब खाया जाए तो हर प्रकार का सेब खाने में 20 साल लगेंगे।
- एक शुतुरमुर्ग की आंखें उसके दिमाग से बड़ी होती हैं।
- स्त्रियों की कमीज के बटन बाएँ तरफ जबकि पुरुषों की कमीज के बटन दाएं तरफ होते हैं।
- घोड़े खड़े – खड़े भी सो सकते हैं, क्योंकि उनके पैर मजबूत होते हैं।
- मनुष्य के दिमाग में 80% पानी होता है।
- मनुष्य का खून 21 दिन तक स्टोर किया जा सकता है।
- चमगादड़ हमेशा अपनी गुफा से निकलकर बाएँ तरफ ही मुड़ता है।
- ऊँट के दूध का दही नहीं बन सकता है।
- धरती के केंद्र का तापमान सूरज के तापमान के बराबर है।
- पसीने में किसी तरह की गंध नहीं होती, बल्कि गंध शारीर पर मौजूद बैक्टीरिया की वजह से होती है।
- चींटियाँ कभी भी नहीं सोती हैं।
- नील आर्मस्ट्रांग ने चन्द्रमा पर अपना बायां पैर पहले रखा था। उस समय उनका दिल 1 मिनट में 156 बार धड़क रहा था।

## राशिफल

**मेष:** आज वैवाहिक संबंध में आपकी रूचि कम हो सकती है। आपके पास नए अधिग्रहण हो सकते हैं, जो आपके जीवन को अधिक आरामदायक बनाएंगे।
**वृष:** आपके लिए आज का दिन उन्नति दायक रहेगा। छोटी छोटी यात्राओं से आपको कुछ नए रिश्ते बनाने को मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां रहेंगी।
**मिथुन:** आज पैसों से जुड़ा किसी भी तरह का रिस्क ना लें। कोई भी बड़ा कदम लेने से पहले आपको एक बार अच्छे से सोच-विचार कर लेना चाहिए।
**कर्क:** किसी भी नये कार्य को करने से पहले अपने बड़ो-बुजुर्गों की सलाह जरूर लें। पारिवारिक माहौल को अच्छा बनाए रखने के लिए चिंतन करना पड़ेगा।
**सिंह:** आज का दिन थोड़ा सा कमजोर है क्योंकि आप मानसिक रूप से तनावग्रस्त रहेंगे। खर्चे भी अधिक होंगे और इनकम उनकी अपेक्षा में थोड़ी कम होगी।
**कन्या:** आज सफलता आपके कदम चूमेगी। आप अपनी ताकत और प्रतिष्ठा से पहचाने जायेंगे. आप किसी समारोह में जाने की योजना बनायेंगे।
**तुला:** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। आप अपने वरिष्ठों और सहकर्मियों का ध्यान समान रूप से आकर्षित करेंगे।
**वृश्चिक:** आप अपनी सुख-सुविधाओं पर इतना खर्च कर देंगे कि आपको यह सोचना मुश्किल पड़ जाएगा की आवश्यकता के लिए धन कहां से लाएं।
**धनु:** आज परिवार का सहयोग मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा. लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में आप कामयाब रहेंगे। दिन मौज-मस्ती में बीतेगा।
**मकर:** पारिवारिक-जीवन आरामदायक परिवेश से खुश रहेगा। कुछ फैसले अच्छे साबित होंगे और इससे आपका आर्थिक संकट भी काफी हद तक दूर होगा।
**कुंभ:** यात्रा पर जाने के लिए भी दिन शुभ रहेगा। कोई खुशखबरी मिल सकती है जिससे परिवार में खुशी की लहर दौड़ जाएगी। दांपत्य जीवन में तनाव बढ़ेगा।
**मीन:** आज किए गये कार्यों का नतीजा आपके पक्ष में होगा। कार्यों में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक रूप से भी सब कुछ अच्छा रहेगा।

## चुटकुले

शौंटी- कल रात मुझे एक आदमी ने चाकू दिखाकर लूट लिया।
मौंटी- लेकिन तेरे पास तो पिस्तौल होती है ना ?
शौंटी- उसे मैंने छुपा लिया था, वह उसे भी लूट लेता।

मालिक ने नौकर से कहा- मच्छर मार दो।
नौकर आलस में था।
थोड़ी देर बाद भी मच्छर गुनगुना रहे थे।
मालिक ने फिर नौकर से कहा- मच्छर मारे नहीं क्या?
नौकर ने मालिक से कहा- मच्छर तो मार दिये।
मालिक- तो ये आवाज कैसे आ रही है।
नौकर : जो मच्छर मैंने मारे है ये उनके परिवार वालों की रोने की आवाज है।

मम्मी- तुम बेहद शरारती हो, देखने में भी बंदर लगते हो।
बेटा- लेकिन मम्मी पड़ोस वाली आंटी तो कहती हैं कि तुम बिल्कुल अपने पापा की तरह लगते हो।

## 03 03 2026 करंट क्राइम
## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी


संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भारत को झटका!: ऑल इंग्लैंड में नहीं खेलेंगी पीवी सिंधू! कोर्ट में उतरने से पहले ही क्यों आई बाहर होने की नौबत?

**नई दिल्ली।** ईरान-इस्राइल-यूएस के बीच बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब खेल जगत पर भी साफ दिखने लगा है। बर्मिंघम में शुरू हो रही प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से पहले भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू दुबई में फंस गई हैं। खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण वह समय पर इंग्लैंड नहीं पहुंच सकीं हैं और उनके टूनामेंट से हटने की आशंका है। बताया जा रहा है कि दुबई में उनके ठहरने के स्थान के पास विस्फोट भी हुआ था, जिसके बाद उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया।





## बीडब्लूएफ की नजर स्थिति पर

विश्व बैडमिंटन महासंघ (इह्त्र्) ने बयान जारी कर कहा, 'हम स्थिति पर रीयल-टाइम नजर बनाए हुए हैं और जिन खिलाड़ियों को देरी या रूट बदलने की समस्या हो रही है, उनकी मदद के लिए तैयार हैं।' सिंधू का पहला मुकाबला थाईलैंड की सुपनिदा कातेथोंग से होना था, लेकिन मौजूदा हालात में उनका कोर्ट पर उतरना मुश्किल नजर आ रहा है।

## लक्ष्य और अन्य खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती

जहां सिंधू की भागीदारी संदिग्ध है, वहीं लक्ष्य सेन और युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी वैकल्पिक मार्ग से बर्मिंघम पहुंच चुके हैं। लक्ष्य का सामना पहले ही दौर में विश्व नंबर-1 शी यूकी से होगा। महिला एकल में मालविका बंसोड़ को ओलंपिक चैंपियन चेन यूफे से भिड़ना है। उन्नति हुड्डा की फ्लाइट रद्द होने के कारण उन्हें अफ्रीका के रास्ते लंबी यात्रा करनी पड़ी, जिससे जेट लैग का असर पड़ सकता है। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मलयेशिया के खिलाफ अभियान शुरू करेगी।

### क्या खेल पर बढ़ेगा भू-राजनीतिक असर?

ईरान-इस्राइल-यूएस संघर्ष ने यह दिखा दिया है कि वैश्विक राजनीति का असर खेल आयोजनों पर भी पड़ सकता है। खिलाड़ियों की सुरक्षा और यात्रा व्यवस्था अब बड़ी चुनौती बन चुकी है। सिंधू के अलावा इंग्लैंड क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी जॉनी बेयरस्टो भी अबू धाबी में फंस गए। वह इंग्लैंड लायंस के कोच के तौर पर अबू धाबी पहुंचे थे। वहां इंग्लैंड लायंस को पाकिस्तान-ए टीम के खिलाफ वनडे खेलना था। हालांकि, मैच भी रद्द हो गया। बेयरस्टो ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से मदद की गुहार भी लगाई है।

ऑल इंग्लैंड का खिताब अब तक केवल दो भारतीय जीत सके हैं। इनमें प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) शामिल हैं। हाल के वर्षों में साइना नेहवाल और लक्ष्य सेन उपविजेता रह चुके हैं, लेकिन खिताब अब भी दूर है।

# सैमसन नहीं इस खिलाड़ी को मिला इम्पैक्ट प्लेयर अवॉर्ड कोच ने कहा- हमने दिखा दिया हम शानदार टीम हैं

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस अहम मुकाबले में जहां संजू सैमसन ने 97* रनों की बेहतरीन पारी खेलकर भारत को 196 रन के लक्ष्य तक पहुंचाया, वहीं इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दिया गया।



## सैमसन की तूफानी पारी

वेस्टइंडीज द्वारा दिए गए 196 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन ने नाबाद 97 रन बनाए। यह टी20 वर्ल्ड कप में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। उनकी पारी ने भारत की जीत की नींव रखी।

आंकड़ों में बुमराह का प्रदर्शन 4 ओवर में 2/36 का रहा। 12वें ओवर में जब वेस्टइंडीज तेजी से रन बना रहा था, तब बुमराह ने खतरनाक शिमरॉन हेटमायर और रोस्टन चेज को आउट कर मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। इन दो अहम विकेटों ने कैरेबियाई टीम की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया।

## कोच टी. दिलीप ने की जमकर तारीफ

मैडल देते हुए टीम इंडिया के फील्डिंग कोच टी. दिलीप ने टीम के जज्बे की सराहना की। उन्होंने कहा, 'शानदार प्रदर्शन। हम एक दमदार टीम हैं और आज हमने अपने इरादों से यह दिखा दिया। टीम की ताकत हर खिलाड़ी है और हर खिलाड़ी की ताकत टीम है। इम्पैक्ट प्लेयर वह है जो बड़े मौकों पर शांत चेहरा और घातक प्रदर्शन दिखाता है और वह हैं जसप्रीत बुमराह।'

## बुमराह ने साथियों को दिया श्रेय

अवॉर्ड मिलने के बाद बुमराह ने टीम के अन्य खिलाड़ियों की भी तारीफ की। उन्होंने खास तौर पर शिवम दुबे द्वारा लगाए गए दो चौकों का जिक्र किया, जिससे दबाव कम हुआ। साथ ही तिलक वर्मा की पारी की भी सराहना की।

# यूएस की संयुक्त मेजबानी में होने वाले फीफा विश्वकप में ईरान का खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली।** ईरान के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि अमेरिका और इस्राइल के उनके देश पर किए गए हमले के बाद वह पक्के तौर पर नहीं कह सकते कि उनकी टीम इस साल अमेरिका में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल टूनामेंट में खेल पाएगी या नहीं।

मेहदी ताज ने खेल पोर्टल वर्जेश-3 से कहा, 'निश्चित रूप से इस हमले के बाद हम विश्व कप में भाग लेने को लेकर उम्मीद की दृष्टि से नहीं देख सकते।' अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान ने भी जवाबी हमले किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद इस देश का भविष्य अनिश्चितता में डूब गया है और क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है।

विश्व कप में ईरान को ग्रुप जी में रखा गया है और उसे इंग्लेवुड, कैलिफोर्निया में 15 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसक बाद वह 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ पहले दौर का अपना अंतिम मैच खेलेगा। विश्व कप फुटबॉल 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा।



### लियोनल मेसी के दो गोल से इंटर मियामी जीता

लियोनल मेसी ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जबकि डिफेंडर टेलास्को सेगोविया ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे मौजूदा चैंपियन इंटर मियामी ने एमएलएस फुटबॉल टूनामेंट में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराकर इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में पहली बार जीत हासिल की। पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद मियामी की तरफ से पहला गोल दूसरे हाफ के चौथे मिनट में माटेओ सिल्वेट्टी ने किया।

मेसी ने सेगोविया से पास लेकर 57वें मिनट में अपना पहला गोल किया और इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। सेगोविया ने 85वें मिनट में गोल करके मियामी को बढ़त दिलाई। मेसी ने 90वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके मियामी की जीत सुनिश्चित कर दी। अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी इस तरह से एमएलएस में 52 गोल कर चुका है। मार्को पासलिच ने इवान एंगुलो से पास पर 18वें मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को 1-0 की बढ़त दिलाई।

# ईरान-इस्राइल के बीच जारी संघर्ष का असर! जिम्बाब्वे टीम को स्वेदश लौटने में क्यों हो रही दिक्कत?

**नई दिल्ली।** ईरान और इस्राइल के बीच चल रहे संघर्ष का असर टी20 विश्व कप 2026 की व्यवस्थाओं पर पड़ा है। विश्व कप में अपना सफर समाप्त करने के बाद भी जिम्बाब्वे की टीम स्वदेश नहीं लौट पा रही है। दरअसल, ईरान ने इस्राइल की तरफ से हुए हमलों पर पलटवार करते हुए मिडिल ईस्ट के कई देशों पर हमले किए हैं।



## दुबई एयरपोर्ट को बंद किया गया

यूएई का नाम भी इसमें शामिल है। दुबई एयरपोर्ट के आस-पास भी धमाके हुए हैं। इस वजह से दुबई एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। जिम्बाब्वे की टीम को सोमवार को नई दिल्ली से निकलते हुए दुबई से अपने देश के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट लेनी थी। एयरपोर्ट बंद होने की वजह से जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों की स्वदेश यात्रा फिलहाल स्थगित कर दी गई है।

## कोच का बयान

टीम के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स ने कहा, 'खिलाड़ियों के लिए इस तरह की स्थिति को नजरअंदाज करना मुश्किल है। सबके दिमाग में यह था कि उन्हें सोमवार की सुबह घर के लिए निकलना है। टीम के अंदर इस पर चर्चा हो रही है। रविवार को टीम को कोई नई जानकारी नहीं दी गई है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच शुरू होने तक कोई अपडेट नहीं था।'

## ग्रुप स्टेज में जिम्बाब्वे का शानदार प्रदर्शन

सिकंदर रजा की कप्तानी वाली जिम्बाब्वे का ग्रुप स्टेज में अच्छा प्रदर्शन रहा था। टीम ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका जैसी टीमों को हराकर सुपर-8 में पहुंची थी। सुपर-8 में जिम्बाब्वे कोई कमाल नहीं कर सकी। वेस्टइंडीज, भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए तीनों मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा।

### दिल्ली में रुके हैं जिम्बाब्वे के खिलाड़ी

फिलहाल जिम्बाब्वे के खिलाड़ी दिल्ली में रुके हुए हैं और अगली सूचना का इंतजार कर रहे हैं। टीम अब तय नहीं बल्कि अगले शेड्यूल और कार्यक्रम के मुताबिक स्वदेश लौटेगी। दुबई एयरपोर्ट बंद होने की वजह से जिम्बाब्वे के खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के लिए अदीस अबाबा स्थित इथियोपियन एयरलाइंस के जरिए उन्हें स्वदेश भेजने की व्यवस्था की जा सकती है। आईसीसी ने शनिवार को कहा था कि टी20 विश्व कप के बाद स्वदेश लौटने वाले खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था पर काम किया जा रहा है।

# रोहित-विराट फिर एक्शन में दिखेंगे, आईपीएल के बाद अफगानिस्तान करेगा भारत का दौरा

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने अफगानिस्तान के भारत दौरे के शेड्यूल का एलान कर दिया है, जो कि साल 2026 जून के महीने में खेला जाना है, जिसमें एकमात्र टेस्ट और तीन मैचों वनडे मैच खेले जाएंगे। इस सीरीज के जरिए विराट कोहली और रोहित शर्मा को फिर से एक्शन में देखा जाएगा।



दरअसल, आईपीएल के बाद भारतीय फैंस को जल्द ही फिर से रोहित शर्मा और विराट कोहली एक्शन में नजर आएंगे। टी20 विश्व कप 2026 और आईपीएल 2026 के बाद टीम इंडिया अपने मिशन टू विश्व कप 2027 शुरू करेगी। अगले साल अक्तूबर-नवंबर में होने वाले इस टूनामेंट की तैयारी अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से होगी। इस सीरीज के शेड्यूल का एलान बीसीसीआई ने कर दिया है। 6 जून से 20 जून तक भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट खेला जाएगा, जबकि 14 जून से तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज होगा।

बता दें कि भारत के खिलाफ अफगानिस्तान का 2018 के बाद ये पहला टेस्ट होगा। 2018 में भारतीय टीम ने पारी और 262 रन से जीत हासिल की थी। 107 रन की पारी खेलने वाले शिखर धवन को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया था। उस मैच में भारतीय टीम की कप्तानी अजिंक्य रहाणे के पास थी।

## न्यूजीलैंड सीरीज में रोहित-कोहली आखिरी बार दिखे थे

रोहित-विराट को आखिरी बार इस साल जनवरी के महीने में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलते हुए देखा गया था। रोहित शर्मा ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 61 रन बनाए थे, जबकि विराट कोहली के बल्ले से तीन मैचों में कुल 240 रन निकले थे। हालांकि, तीन मैचों की वनडे सीरीज को न्यूजीलैंड ने 2-1 से अपने नाम किया था।

# जसप्रीत बुमराह ने आखिर किसे माना मैच का टर्निंग पाइंट, संजू सैमसन का नहीं लिया नाम

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्टार पेसर जसप्रीत बुमराह ने शिवम दुबे को क्रेडिट दिया है। बुमराह ने कहा कि, दुबे ने शमर जोसेफ को अहम मौके पर दो चौके मारे वही मैच का टर्निंग पाइंट था। भारत और वेस्ट इंडीज के बीच खेले गए इस मुकाबले में अंत में टीम इंडिया ने 5 विकेट से जीत हासिल कर ली और सेमीफाइनल में जगह बना ली।



हार्दिक पंड्या के आउट होने के बाद शिवम दुबे क्रीज पर गए। पंड्या 10 गेंदों पर 17 रन बनाकर गए। ऐसे में दुबे ने जाते ही पहले ही गेंद पर चौका मारा और दबाव कम कर दिया। इसके बाद उन्होंने एक और चौका मारा जिससे पूरा दबाव हट गया। अंत में 6 गेंदों पर भारत को 7 रन बनाने थे और सैमसन ने एक छक्का और एक चौके की मदद से पूरा मैच पलट दिया। बुमराह ने कहा कि दुबे ने जो छोटा रोल निभाया वो भले ही कोई याद न रखे लेकिन ये मैच के लिए अहम साबित हुआ।

आईसीसी से बात करते हुए बुमराह ने कहा कि, आपको पता है कि दुबे ने जो दो चौके मारे। ये क्रिकेट की किताब और आंकड़ों में शामिल है। लेकिन जिन लोगों को क्रिकेट पता है उन्हें पता है कि इन दो चौके की मदद से ही दबाव पूरी तरह कम हुआ। क्योंकि कई बार आखिर के ओवर में 8-9 पर ही मामला फंस जाता है।

बुमराह के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने चार ओवरों में 36 रन देकर 2 विकेट लिए। बुमराह ने शिमरन हेटमायर और रोस्टन चेज को आउट किया। इसपर बुमराह ने कहा कि, विकेट पर गेंद रुककर जा रही थी।

# गौतम गंभीर ने 4 गेंद खेलने वाले इस खिलाड़ी की पारी को बताया संजू जितना अहम

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में वेस्ट इंडीज मैच के नतीजे के बाद संजू सैमसन के साथ ही शिवम दुबे को भी अहम माना। उन्होंने कहा कि बड़े योगदान खबरों में आते हैं लेकिन छोटी-छोटी पारियों से भी जीत में मदद मिलती है। भारत ने कोलकाता में खेले गए मुकाबले में वेस्ट इंडीज को पांच विकेट से हराया। संजू सैमसन ने नाबाद 97 रन की पारी खेली। वहीं शिवम दुबे 19वें ओवर में बैटिंग के लिए आए और उन्होंने दो चौके लगाते हुए आखिरी ओवर में जीत के लिए जरूरी रनों की संख्या को केवल सात कर दिया। दुबे ने केवल चार गेंद का सामना किया और दो चौकों की मदद से नाबाद आठ रन बनाए। गंभीर ने इस पारी की अहमियत मुकाबले के बाद बताई। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'अच्छी बात है कि आप हरेक योगदान की बात कर रहे हैं क्योंकि कई सालों से हम लोग कुछ योगदान के बारे में ही बोलते थे। यह टीम स्पोर्ट है और हमेशा टीम स्पोर्ट ही रहेगा। मेरे हिसाब से शिवम के वे दो चौके उतने ही अहम थे जितने संजू के 90 रन क्योंकि अगर वह दो चौके नहीं लगाता तब आप उस पारी (सैमसन) की बात नहीं कर रहे होते।' टीम इंडिया के हेड कोच के अलावा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी दुबे के योगदान को सराहा था। उन्होंने आईसीसी से बात करते हुए कहा था कि 19वें ओवर में आए वे दौ चौके मैच के टर्निंग पॉइंट थे। अगर वे नहीं आते तो आखिरी ओवर में कभीकभार 10 से ऊपर रन बनाना मुश्किल हो जाता है।



# टीम इंडिया को जीत दिलाने के बाद संजू सैमसन ने अपनी सेलिब्रेशन को लेकर खोला राज



**नई दिल्ली।** भारत ने 2026 टी20 वर्ल्ड कप के सुपर 8 के मैच में वेस्ट इंडीज को हराया। संजू सैमसन ने जीत के चौके से मैच खत्म किया। इसके बाद उन्होंने हेलमेट उतारा, घुटनों पर बैठ गए और हाथ जोड़कर भगवान को धन्यवाद दिया। ये पल बहुत भावुक था। सबको पता है कि पिछले कुछ महीनों में संजू बल्ले से लगातार संघर्ष कर रहे थे। ओपनिंग का रोल दो अलग-अलग खिलाड़ियों को दिया गया था। लेकिन रविवार रात को उन्होंने अपनी सारी नाराजगी और मेहनत को बल्ले से निकाला।

## 97 रनों की शानदार पारी

संजू ने नाबाद 97 रन बनाए। ये पारी इतनी खूबसूरत थी कि भारत ने 196 रनों का बड़ा टारगेट 5 विकेट से हासिल कर लिया। ये हाई स्कोरिंग मैच था और भारत ने आखिरी तक अच्छा खेल दिखाया। इस जीत से टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई।

## संजू ने क्या कहा

जब संजू से उनके जश्न के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ये मेरे लिए बहुत खास पल है। मैं भगवान पर बहुत विश्वास करता हूं और ये बात मैं निजी रखना चाहता हूं।

## चेज करना कितना मुश्किल था

संजू ने बताया कि 196 रन चेज करना आसान नहीं था। वेस्ट इंडीज ने लगातार विकेट लिए, जिससे दबाव बढ़ गया। उन्होंने कहा, ईडन गार्डन्स में ओस आने पर चेज थोड़ा आसान हो जाता है, लेकिन विकेट गिरते रहे तो चुनौती बढ़ गई। मेरे अनुभव और भूमिका ने यहां बहुत मदद की। अच्छी शुरूआत मिली, लेकिन विकेट गिरने पर लगा कि मुझे मैच खत्म करना है। ऐसा सोचते तो बहुत हैं, लेकिन होता हर बार नहीं। इस मैच में हुआ, इसके लिए बहुत शुक्रगुजार हूं।

उन्होंने आगे कहा, जब पहले बल्लेबाजी करते हैं तो बड़े स्कोर और छक्के लगाने की सोच होती है। लेकिन ऐसे दबाव वाले चेज में रिस्क कम लेते हैं और ज्यादा बाउंड्री खेलते हैं। गेंद अच्छे से आ रही थी, गेंदबाज अच्छी स्पीड से फेंक रहे थे। मैं टाइमिंग से खेलता रहा और शॉट अच्छे लगे। अब भारत का सेमीफाइनल इंग्लैंड के खिलाफ होगा। ये मैच गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। संजू की फॉर्म देखकर टीम को अब उनपर पूरा भरोसा है।

# टी20 वर्ल्ड कप से बाहर होते ही पीसीबी का चला 'हंटर' पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर ठोका मोटा जुमार्ना

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी नेशनल टीम के क्रिकेटर्स को टी20 विश्व कप 2026 से बाहर होने के बाद बड़ी सजा दी है। लगातार चौथे आईसीसी टूनामेंट में सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाने का खामियाजा अब खिलाड़ियों को अपनी जेब ढीली करके भुगतना पड़ रहा है।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नेशनल टीम के हर खिलाड़ी पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (लगभग 16.28 लाख भारतीय रुपये) का भारी-भरकम जुमार्ना लगाया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ग्रुप स्टेज में भारत के हाथों मिली करारी हार के बाद ही बोर्ड ने कड़े कदम उठाने का मन बना लिया था।

## पीसीबी ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को दी बड़ी सजा

दरअसल, रिपोर्ट में आगे दावा किया गया कि ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान की भारत से हार के बाद ये फैसला लिया गया। पाकिस्तान इंग्लैंड के खिलाफ अपना सुपर 8 मैच हार गया और उन्होंने श्रीलंका पर एक मामूली जीत हासिल की, लेकिन ये उन्हें सेमीफाइनल का टिकट दिलाने के लिए काफी नहीं थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बोर्ड के अधिकारी टीम के प्रदर्शन से बेहद नाखुश थे और एक बार फिर आईसीसी टूनामेंट के सेमीफाइनल में नहीं पहुंचने के लिए खिलाड़ियों पर भारी जुमार्ना लगाने का फैसला लिया गया।



### टूनामेंट में कैसा रहा पाकिस्तान का प्रदर्शन?

पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप में अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले, लेकिन घरेलू जैसी परिस्थितियों का भी फायदा वो नहीं उठा सके। शुरूआत में नीदरलैंड्स को 3 विकेट से हराया था। हालांकि, वह मैच भी काफी करीबी था। इसके बाद अमेरिका को 32 रन से मात दी, लेकिन भारत के खिलाफ 61 रन की बड़ी हार ने टीम को मुश्किल में डाला। इसके बावजूद सुपर-8 में पाकिस्तान की टीम पहुंची। फिर सुपर-8 में कहानी बदल गई। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच बारिश में रद हो गया। फिर इंग्लैंड ने 2 विकेट से हरा दिया। श्रीलंका के खिलाफ उन्हें जीत जरूर मिली, लेकिन खराब नेट रन रेट के चलते टीम अगले दौर में जगह नहीं बना सकी।

03 Mar -26 page 6 02-03-2026 10:47 PM Page 1






# समरकूल, थर्मोकूल परिवार ने अपने सदस्यों संग धूमधाम से मनाई होली

### कंपनी के सदस्यों ने होली के व्यंजनों और मस्ती के गीतों के संग जमकर उड़ाया गुलाल









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समरकूल, थर्मोकूल गोल्डन परिवार के सैकड़ों सदस्यों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंपनी प्रांगण में होली का त्यौहार बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया। सोमवार को प्रातःकाल से ही कार्यक्रम स्थल पर होली के चटकारेदार व्यंजनों को तैयार किया गया।

कंपनी के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता और राजीव कुमार गुप्ता के साथ समरकूल, थर्मोकूल के सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर गले मिलकर एक विशाल परिवार के रूप में होली की शुभकामनायें भेंट कीं। इस अवसर पर कंपनी की ओर बहतरीन सिंगिंग कलाकारों का भी प्रबंध किया गया। जिनके द्वारा प्रस्तुत होली के मधुर गीतों पर कंपनी के युवाओं ने जमकर धमाल मचाया। इस अवसर पर कंपनी के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, डायरेक्टर अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, तथा रोहित गोयल, नरेश बत्रा, पंकज नोटियाल, अजय माथुर, सचिन जैन, अमित मिश्रा, पंकज ठाकुर, सौरभ सिंह, तरूण कुमार, यश गोयल, अनिल वर्मा, मंजय राय, अशोक शर्मा, शुशील गुप्ता, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# होली को लेकर पुलिस हुई अलर्ट सड़कों पर उतरे वरिष्ठ अधिकारी

## सीपी , एडिशनल सीपी, डीसीपी और एसीपी ने की गश्त







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार की देर रात पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आई। पुलिस कमिश्नर जे रविन्दर गौड स्वयं सड़कों पर उतरे और शहर के विभिन्न इलाकों में पैदल गश्त व निरीक्षण किया।

उनके साथ अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था/यातायात) राजकरन नैय्यर और पुलिस उपायुक्त (ट्रांस हिंडन जोन) निमिष पाटील मौजूद रहे।

मोहननगर चौराहे पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया, जहां संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहन जांच की गई। वहीं एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने अपने-अपने सर्किल में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सिटी जोन में डीसीपी धवल जायसवाल ने एसीपी घंटाघर कोतवाली उपासना और एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल के साथ संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। कहीं पैदल गश्त तो कहीं फ्लैग मार्च के जरिए पुलिस की मौजूदगी का अहसास कराया गया, जिससे असामाजिक तत्वों में सख्त संदेश गया।

### राउंड द क्लॉक ड्यूटी, हर गतिविधि पर नजर

**करंट क्राइम :** होलिका दहन और रंग वाले दिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए प्रत्येक धार्मिक स्थल और प्रमुख कार्यक्रम स्थलों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स लगाई गई है। लोकल इंटेलिजेंस यूनिट को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी भी अफवाह या संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### होली और रमजान साथ, विशेष सतर्कता : सीपी

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया है कि इस बार होली और रमजान साथ चल रहे हैं, जिसे देखते हुए मस्जिदों और मंदिरों के आसपास सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। अधिकारियों ने आमजन से शांति, सौहार्द और भाईचारे की अपील की है। हुड़दंगबाजी, शराब पीकर वाहन चलाने और कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत 112 पर दें। कमिश्नरेट गाजियाबाद कानून-व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# स्वर्णकार समाज का सम्मेलन हुआ संपन्न मिशन 2027 की रणनीति पर भी हुई चर्चा



### - डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी बोले - बिना एकता के प्रगति असंभव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के आर्य समाज मंदिर में शनिवार को स्वर्णकार समाज का सम्मलेन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में गाजियाबाद, लोनी, मोदी नगर , हापुड़, और आसपास के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में फूलों की होली के साथ गीत संगीत के कार्यक्रम भी हुए। साथ ही वक्ताओं ने अपने विचार भी रखे , सम्मलेन में स्वर्णकार समाज के हितों को लेकर चर्चा हुई साथ ही आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर स्वर्णकार समाज ने अपनी राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने का बड़ा ऐलान किया है। सामाजिक कार्यकर्ता सचिन स्वर्णकार ने कहा कि समाज के सभी लोगों की छोटे-छोटे समूह बनाकर जनहित के कार्य करना चाहिए, इस मौके पर मधुबाला वर्मा ने महिलाओं को जागरूक रहने आगे आकर अपनी सामाजिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

इस दौरान गोल्डन क्लब के संस्थापक शेखर वर्मा ने कहा कि बिना राजनीतिक भागीदारी के समाज का उत्थान संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि दूरदर्शी सोच वाले लोग आगे आएं और राजनीति में सक्रिय हिस्सेदारी सुनिश्चित करें। सम्मलेन में डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी , डॉक्टर विनोद वर्मा, सचिन स्वर्णकार , राजेश वर्मा, अमित वर्मा, संदीप वर्मा, समेत समाज के कई गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

# राजनगर रामलीला मैदान में भव्य होली मिलन समारोह

## रासलीला, हास्य कविताएं और फूलों की होली ने बांधा समां



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरआरडब्ल्यूए) द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। करण मल्होत्रा की मंडली ने ब्रज की पारंपरिक रासलीला और आकर्षक झांकियों से माहौल भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन विख्यात कवि एवं पत्रकार राज कौशिक ने किया, जिन्होंने हास्य कविताओं से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। आयोजन में आरआरडब्ल्यूए पदाधिकारियों और गणमान्य अतिथियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने इसे आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक बताया।

# सीपी के ऑपरेशन प्रहार को मिला महापौर का समर्थन

### बोलीं: नशे पर हो निर्णायक प्रहार, हर वार्ड में दिखे असर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल ने गाजियाबाद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे पुलिस के विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार की जोरदार सराहना करते हुए कहा कि यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की शुरूआत है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशे के कारोबार पर ऐसा निर्णायक प्रहार होना चाहिए, जिसका असर हर गली, हर वार्ड और हर परिवार तक दिखाई दे।

महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नशा आज समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। यह न केवल युवाओं के स्वास्थ्य और भविष्य को बर्बाद करता है, बल्कि परिवारों की खुशियों और सामाजिक ताने-बाने को भी तोड़ देता है। ऐसे में पुलिस कमिश्नर जे रंविदर गौड द्वारा चलाया जा रहा ऑपरेशन प्रहार समय की मांग है और इसे जनआंदोलन का रूप दिया जाना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गाजियाबाद को नशा मुक्त बनाने के इस संकल्प में जनता की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। केवल पुलिस कार्रवाई से पूरी सफलता संभव नहीं है, बल्कि जागरूकता, सामाजिक जिम्मेदारी और सामूहिक प्रयासों से ही स्थायी परिवर्तन आएगा। स्कूलों, कॉलेजों और मोहल्लों में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना जरूरी है। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि यदि समाज एकजुट होकर आगे आए तो नशा माफियाओं की कमर तोड़ना मुश्किल नहीं है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें और इस मुहिम का सक्रिय हिस्सा बनें। अंत में उन्होंने आह्वान किया, आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि अपने शहर को नशा मुक्त, सुरक्षित और प्रगतिशील बनाएंगे। हमारा सहयोग ही ऑपरेशन प्रहार की असली ताकत है।




# होली के बाद किसे मिलेगा गिफ्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई लोग जाने की तैयारी में लगे हैं, तो कुछ एसीपी इस बात के वेट में हैं कि उनको मनमर्जी वाला सर्किल कब मिलेगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों के जरिये जानकारी मिल रही है की होली के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से कुछ लोगों को गिफ्ट मिल सकता है। अब गिफ्ट मिलने वालों में किसका नाम आता है। किसपर भरोसा जताया जाता है तो वहीं किस आईपीएस को तैनाती दी जाती है इसकी भी जमकर चर्चाएं हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों के जरिये बताया जा रहा है कि इसमें डीसीपी, एडीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं। तो वहीं कई अन्य पुलिसकर्मियों के नाम की चर्चा भी धीरे-धीरे सुनाई दे रही है। पुलिस वालों के द्वारा बताया जा रहा है कि जिस तरीके से देहात वाले जोन में फुल वाला एनकाउंटर जोन वालों के नाम दर्ज किया गया है, तो इसके भी इफेक्ट देखने को मिल सकते हैं। सुनने में तो यहां तक भी बाहर आ गया है। उधर बताया जा रहा है की होली के बाद कुछ नए समीकरण बनने वाले हैं। इसी भी जानकारी निकल कर आ रही है कि जिन एसीपी साहब लोगों का प्रमोशन होने वाला था, उसपर भी जल्द घोषणा हो सकती है। इस घोषणा का पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चौतरफा प्रभाव बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि तीन से चार नाम तय हैं जो पदोउन्नति पाने वाले हैं। तो अब उन एसीपी स्तर के साहब लोगों को इस वाली लिस्ट का भी बेसब्री से वेट होने लगा है। वैसे मार्च और अप्रैल में संभावना अप्रैल वाली ज्यादा नजर आ रही है। तो अभी तो होली, फिर रमजान और फिर नवरात्र वाला अभियान और आयोजन भी होना है। अब देखना होगा उसके बाद क्या समीकरण बनते हैं, किसको सिटी से नदिया पार वाले जोन में भेजा जाएगा और कौन नदिया पार से सिटी में आने के लिए बेकरार है। तो बताया जा रहा है कि एक एसीपी साहब देहात से कहीं बाहर जाने के लिए भी प्रयास में लगे हुए हैं। वैसे तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में होली के बाद पुलिस कमिश्नरेट के कई फेस बदलेंगे। तो रेस लगाने वाले चेहेरों की भी चर्चा भरपूर सुनाई दे रही है। उधर जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जीरो टॉलरेंस वाला संदेश दिया गया है। उसके बाद गाजियाबाद की चर्चा दूर-दूर तक हो रही है।




# उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के परिजनों ने झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों संग मनाई होली

### जीवन में यदि परोपकार के रंग न हों, तो जीवन व्यर्थ है : अजय गुप्ता







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और समानता के रंगों में रंगने का पर्व है। इस संदेश को चरितार्थ करते हुए अजय गुप्ता (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, उद्योग व्यापार मंडल एवं समाजसेवी) के परिवार ने एक सराहनीय मिसाल पेश की है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुप्ता परिवार ने समाज के वंचित वर्ग के बीच पहुंचकर खुशियां साझा कीं। अजय गुप्ता ने बताया कि उनके परिवार में सेवा के जो संस्कार विरासत में मिले हैं, उन्हें उनके पुत्र आयुष गुप्ता, पुत्रवधु शिल्पी गुप्ता और पौत्र मास्टर अयांश पूरी निष्ठा के साथ बरकरार रखे हुए हैं। आधुनिकता के इस दौर में भी अपनी जड़ों और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े रहना इस परिवार की विशेषता रही है। होली के पावन अवसर पर आयुष गुप्ता और उनके परिजनों ने झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले मजबूर बच्चों के बीच जाकर उन्हें रंग, पिचकारी, गुलाल और गुब्बारे वितरित किए। खाने-पीने की वस्तुओं में टॉफी, बिस्किट और बच्चों के पसंदीदा बर्गर खिलाए। समाजसेवी अजय गुप्ता ने कहा कि झुग्गी-झोंपड़ी के बच्चों के साथ होली मनाने का जो आत्मिक आनंद है, वह किसी अन्य उत्सव में नहीं। उनका मानना है कि असली होली वही है जो समाज के हर वर्ग के चेहरे पर खुशी ला सके। उनके इस प्रयास की क्षेत्र के गणमान्य लोगों और व्यापार मंडल के सदस्यों ने जमकर सराहना की है।

> असली होली वही है जो समाज के हर वर्ग के चेहरे पर खुशी ला सके।

# संदीप त्यागी चुने गए गाजियाबाद बस व टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के निर्विरोध अध्यक्ष





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर के समस्त टूरिस्ट बस और टैक्सी ऑपरेटरों द्वारा 'होली मिलन' समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एकता का परिचय देते हुए सभी ट्रांसपोर्टरों ने सर्वसम्मति से संदीप त्यागी को यूनियन का नया अध्यक्ष चुना। समारोह में मुख्य रूप से अनिल सागर, विनीत पांडे, सरवन कुमार, जेपी राणा, जितेंद्र शर्मा, भगवान सिंह, राजेंद्र राणा, अरिहंत, प्रमोद कुमार सिंह और राजकुमार शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में बस व टैक्सी ऑपरेटर उपस्थित रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप त्यागी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए ऑपरेटरों के हितों के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

**Rajeev Kumar Sharma**
5h ·

होली के पावन पर्व पर गृह जनपद शामली स्थित अपने खेत में - जीवन में जो आत्म तृप्ति अपने गांव और खेतों में मिलती और भला और कहां मिलती है ।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आरटीआई कार्यकर्ता राजीव शर्मा ने अपने गांव की यादों को होली पर साझा किया। संतुष्टि को जीवन का आधार बताया। उन्होंने इस पल को अपनी फेसबुक पोस्ट बनाया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ईरान का परमाणु ठिकानों पर हमले का दावा आईएईए ने नुकसान से किया इनकार

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका और इस्राइल पर अपने परमाणु ठिकानों पर हमला करने का दावा किया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को अब तक किसी नुकसान के सबूत नहीं मिले हैं। आईएईए प्रमुख राफेल ग्रोसी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव पर चिंता जताते हुए रेडियोलॉजिकल रिसाव की आशंका से इनकार नहीं किया।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने बड़ा दावा किया है कि अमेरिका और इस्राइल ने उसके परमाणु ठिकानों पर हमला किया है। ईरान के अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी यानी आईएईए में राजदूत ने कहा कि रविवार को हुए हमलों में परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाया गया। हालांकि वैश्विक परमाणु निगरानी संस्था ने अब तक किसी भी परमाणु केंद्र को नुकसान पहुंचने की पुष्टि नहीं की है।

आईएईए के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रोसी ने सोमवार को एजेंसी की 35 सदस्यीय बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक में कहा कि एजेंसी को अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि



ईरान की किसी परमाणु स्थापना पर हमला हुआ हो या उसे नुकसान पहुंचा हो। उन्होंने साफ कहा कि स्थिति गंभीर जरूर है, लेकिन उपलब्ध जानकारी के आधार पर परमाणु केंद्र सुरक्षित दिखाई दे रहे हैं।

**परमाणु सुरक्षा को लेकर बढ़ी चिंता :** ग्रोसी ने पश्चिम एशिया की सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में रेडियोलॉजिकल रिसाव यानी परमाणु विकिरण फैलने की आशंका से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता। अगर ऐसा हुआ तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं और बड़े शहरों जितने इलाकों को खाली कराना पड़ सकता है। आईएईए ने इस तरह की किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी होने की बात भी कही है।

### हमलों के बाद क्षेत्र में सैन्य तनाव

यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका और इस्राइल द्वारा चलाए गए ऑपरेशन के बाद क्षेत्र में तनाव तेजी से बढ़ गया है। इस कार्रवाई में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई की मौत होने की खबर सामने आई, जिसके बाद ईरान ने पश्चिम एशिया के कई देशों में अमेरिका-इस्राइल से जुड़े ढांचों को निशाना बनाते हुए जवाबी हमले शुरू कर दिए।

आईएईए प्रमुख ने कहा कि हालात बेहद संवेदनशील हैं और सभी देशों को सैन्य कार्रवाई में संयम बरतना चाहिए। उन्होंने कहा कि परमाणु कूटनीति मुश्किल जरूर होती है, लेकिन असंभव नहीं। बातचीत और संवाद ही इस संकट को नियंत्रित करने का सबसे सुरक्षित रास्ता है, ताकि परमाणु सुरक्षा पर कोई बड़ा खतरा न पैदा हो।

### कई देशों में परमाणु ढांचे पर खतरा

आईएईए प्रमुख ने बताया कि ईरान समेत पश्चिम एशिया के कई देशों में सक्रिय परमाणु बिजली संयंत्र और रिसर्च रिएक्टर मौजूद हैं। संयुक्त अरब अमीरात में चार चालू परमाणु रिएक्टर हैं जबकि जॉर्डन और सीरिया में रिसर्च रिएक्टर काम कर रहे हैं। बहरीन, इराक, कुवैत, ओमान, कतर और सऊदी अरब जैसे देशों में भी सैन्य तनाव बढ़ा है, जिससे पूरे क्षेत्र में परमाणु सुरक्षा को लेकर खतरा बढ़ गया है।

### रेडिएशन स्तर सामान्य, निगरानी तेज

ग्रोसी ने कहा कि ईरान से सटे देशों में अभी तक रेडिएशन स्तर बढ़ने की कोई सूचना नहीं मिली है। इसके बावजूद क्षेत्रीय सुरक्षा निगरानी नेटवर्क को अलर्ट पर रखा गया है और सभी सदस्य देशों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा जा रहा है। एजेंसी किसी भी संभावित परमाणु सुरक्षा उल्लंघन की स्थिति में तुरंत कार्रवाई के लिए तैयार है।

### ईरान के परमाणु ठिकाने सुरक्षित बताए गए

आईएईए के अनुसार अब तक बुशेहर परमाणु बिजली संयंत्र, तेहरान रिसर्च रिएक्टर और अन्य परमाणु ईंधन सुविधाओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। ग्रोसी ने यह भी बताया कि ईरान के परमाणु नियामक अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश जारी है, लेकिन अभी तक उनकी ओर से जवाब नहीं मिला है। उन्होंने संवाद बहाल करने की जरूरत पर जोर दिया।

# ईरान हमले के बीच अमेरिका-ब्रिटेन में मतभेद, ट्रंप ने जताई नाराजगी

**अमेरिका।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि ब्रिटिश पीएम ने उन्हें डिएगो गार्सिया एयरबेस का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी। ट्रंप ने तनाव के बीच इस कथित असहयोग को लेकर असंतोष का इजहार किया है। पश्चिम एशिया में इस्राइल और ईरान के बीच टकराव के कारण हालात चिंताजनक हैं। अमेरिका-इस्राइल एक साथ ईरान पर हमले कर रहे हैं। जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान ने भी अमेरिका के कई सैन्य ठिकानों पर मिसाइलों से हमले किए हैं। पश्चिम एशिया में वैश्विक ताकतों के टकराव से उपजे तनावपूर्ण हालात के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर आमने-सामने आ गए हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया है कि ब्रिटिश पीएम ने उन्हें ईरान पर हमले के लिए डिएगो गार्सिया एयरबेस का इस्तेमाल नहीं करने दिया। उन्हें ऐसे व्यवहार पर गहरा अफसोस हुआ है।

ट्रंप ने 'टेलीग्राफ' के साथ इंटरव्यू में कहा कि वह ईरान पर हमले के लिए डिएगो कार्सिया सैन्य अड्डे के इस्तेमाल की अनुमति न देने पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर से बहुत निराश हैं।





अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री का शुरू में अमेरिकी सेनाओं को चागोस द्वीप समूह के इस सैन्य अड्डे का इस्तेमाल करने से रोकना ऐसा था, जैसा दोनों देशों के संबंधों में पहले कभी नहीं हुआ।

ब्रिटेन ने अंतरराष्ट्रीय कानून का हवाला देते हुए पहले अमेरिका को डिएगो गार्सिया और आरएएफ फेयरफोर्ड जैसे ठिकानों से हमले करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, रविवार रात स्टार्मर का रुख बदला।

उन्होंने कहा कि वह 'विशेष और सीमित रक्षा उद्देश्यों' के लिए ही डिएगो गार्सिया का इस्तेमाल करने देंगे। ट्रंप ने कहा कि स्टार्मर ने फैसला बदलने में बहुत ज्यादा समय लगा दिया। उन्होंने कहा, हमारे देशों के बीच ऐसा शायद पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने आगे यह भी कहा कि लगता है कि प्रधानमंत्री को इसकी कानूनी वैधता की चिंता थी।

डिएगो कार्सिया को लेकर इस विवाद के चलते राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री के उस विवादित चागोस समझौते से समर्थन वापस ले लिया, जिसके तहत हिंद महासागर के इस क्षेत्र का स्वामित्व मॉरीशस को सौंपकर सैन्य अड्डा वापस लीज पर लेने की योजना थी।

ट्रंप ने कहा, अचानक मॉरीशस ने मालिकाना हक का दावा करना शुरू कर दिया। उन्हें (कीर स्टार्मर) पर डटे रहना चाहिए था और इसे अपने पास रखना चाहिए था या फिर स्पष्ट तौर पर सौंप देना चाहिए था। लेकिन नहीं, हम कीर से बहुत निराश हैं।

# ईरान के बाद कुवैत का भी दावा- अमेरिका के कई लड़ाकू विमान क्रैश, गिरता दिखा फाइटर जेट

**दुबाई।** ईरानी मीडिया के बाद अब कुवैत ने भी दावा किया है कि कई अमेरिकी लड़ाकू विमान क्रैश हो गया है, जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। ईरान पर किए गए हमले के बाद से पूरा क्षेत्र युद्ध की आग में जल रहा है। ईरान ने इस हमले के बाद इस्राइल, इराक, यूएई समेत कई देशों में मिसाइलें दागी। वहीं इस्राइल और अमेरिकी की ओर से ईरान में अब भी बमबारी जारी है। जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई शीर्ष लीडर की मौत हो चुकी है।

कुवैत की रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस घटना के बाद कई अमेरिकी लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। हालांकि कुल संख्या और घटनाओं के विवरण अभी स्पष्ट नहीं हैं। वीडियो फुटेज में विमान आग में लिपटा दिख रहा है और तेजी से नीचे गिरता हुआ दिखाई देता है।

**इस्राइल -ईरान तनाव के बीच दुर्घटना :** यह हादसा ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के दौरान आया है, जिसमें अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमले किए। ईरानी अधिकारियों ने इसे प्रतिशोध के रूप में संतुलित कार्रवाई बताया है और चेतावनी दी है कि आगे और वृद्धि की संभावना बनी हुई है।



### कुवैत में क्रैश हुआ अमेरिका का F-15 फाइटर जेट

इस बीच ईरानी मीडिया ने दावा किया है कि कुवैत में अमेरिकी सेना का एक F-15 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया है। इस विमान के क्रैश होने का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें विमान में आसमान में ही आग लगते हुई देखी जा सकती है। ऋ-15 फाइटर जेट दुनिया के सबसे घातक और आधुनिक लड़ाकू विमानों में एक माना जाता है। हालांकि विमान में आग लगते ही पायलट पैरासूट लेकर कूद गया जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि, अभी तक इस खबर की किसी ने पुष्टि नहीं की है। अमेरिका और कुवैत की सेना की ओर भी कोई बयान नहीं आया है।

# खामेनेई की मौत से पाकिस्तान में बवाल, कराची-इस्लामाबाद तक हिंसक प्रर्दशन, अब तक 20 की मौत

**इस्लामाबाद।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद पाकिस्तान में भारी हिंसा हुई। अमेरिका और इस्राइल के हमले के विरोध में प्रदर्शनों के दौरान अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। कराची, इस्लामाबाद और स्कार्दू में हिंसा के चलते दर्जनों लोग घायल हुए हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद पूरे पाकिस्तान में गुस्सा फूट पड़ा है। अमेरिका और इस्राइल ने तेहरान पर मिलकर हवाई हमला किया था। इस हमले में खामेनेई की मौत की पुष्टि हुई है। इसके विरोध में रविवार को पाकिस्तान के कई शहरों में हिंसक प्रदर्शन हुए। इन झड़पों में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों लोग घायल हैं। हिंसा का सबसे ज्यादा असर कराची में रहा, जहां 10 लोगों की जान गई। इसके अलावा स्कार्दू में आठ और राजधानी इस्लामाबाद में दो लोगों की मौत हुई है।

**पाकिस्तान में शिया समुदाय सड़क पर उतरा :** पाकिस्तान में शिया समुदाय के लोग बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे। सुरक्षा बलों ने भीड़ को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और रबर की गोलियां चलाईं। इस्लामाबाद के रेड जोन में हजारों लोग जमा हो गए। यहां संसद, सरकारी दफ्तर और विदेशी दूतावास हैं। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लगभग 8,000 लोग राजधानी के एक बड़े होटल के पास इकट्ठा हुए। उनके हाथों में खामेनेई की तस्वीरें थीं। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि वे ईरान के साथ खड़ी हैं और इस मौत का बदला लेंगी।

**कराची की हालात सबसे खराब :** कराची में हालात सबसे ज्यादा खराब रहे। यहां प्रदर्शनकारी अमेरिकी दूतावास



के बाहर जमा हुए। कुछ नौजवान दूतावास की दीवार पर चढ़ गए और खिड़कियां तोड़ दीं। पुलिस की कार्रवाई में यहां 10 लोगों की मौत हुई और 60 लोग घायल हुए। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने इस घटना को दुखद बताया और जांच के आदेश दिए।

**संयुक्त राष्ट्र दफ्तर पर हुआ हमला :** उत्तर में गिलगित-बाल्टिस्तान के स्कार्दू शहर में भी भारी हिंसा हुई। यहां प्रदर्शनकारियों ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के दफ्तर में आग लगा दी। इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई। प्रशासन ने स्कार्दू में तीन दिन का कर्फ्यू लगा दिया है। लाहौर, पेशावर और मुल्तान जैसे शहरों में भी हजारों लोग सड़कों पर उतरे। लाहौर में पुलिस ने अमेरिकी दूतावास में घुसने की कोशिश कर रहे लोगों पर आंसू गैस छोड़ी। पाकिस्तान सरकार ने इस हमले की कड़ी निंदा की है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खामेनेई की मौत पर गहरा दुख जताया। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताया। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने सुरक्षा का जायजा लिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूरा देश इस दुख में ईरान के साथ है। विदेश मंत्री इसहाक डार ने भी ईरानी विदेश मंत्री से बात की और हमले की निंदा की।

**सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर :** अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों को भीड़भाड़ वाले इलाकों से दूर रहने की सलाह दी है। पाकिस्तान और ईरान के बीच 900 किलोमीटर लंबी सीमा है। पाकिस्तान इस्राइल को एक देश के रूप में मान्यता नहीं देता है। इस हिंसा ने 1979 की याद दिला दी है, जब इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास पर हमला हुआ था और आग लगा दी गई थी। फिलहाल पूरे देश में सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं।

# पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर वीजा सेवाएं स्थगित हिंसक प्रर्दशन के चलते सुरक्षा अलर्ट जारी

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों के बाहर हिंसक प्रदर्शन के बीच अमेरिकी सरकार ने सुरक्षा चेतावनी जारी की और वीजा सेवाएं 2 मार्च के लिए रद्द की। पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों के बाहर हिंसक प्रदर्शन और झड़पों की खबरों के बीच अमेरिकी सरकार ने सुरक्षा चेतावनी जारी की है। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि लाहौर और कराची में जारी प्रदर्शन और हिंसा, साथ ही इस्लामाबाद और पेशावर में अतिरिक्त विरोध प्रदर्शन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, अमेरिकी कर्मचारियों को सीमित गतिविधि और घर पर रहने का निर्देश दिया गया है।

सुरक्षा चेतावनी में अमेरिकी नागरिकों को स्थानीय समाचार पर नजर रखने, भीड़ से दूर रहने, अपने आसपास सतर्क रहने और अपने रळएढ रजिस्ट्रेशन को अपडेट रखने की सलाह दी गई है।

### वीजा और अमेरिकी सेवाएं रद्द

अमेरिकी दूतावास ने बताया कि कराची




और लाहौर के वाणिज्य दूतावास, तथा इस्लामाबाद अमेरिकी दूतावास में 2 मार्च के सभी वीजा अपॉइंटमेंट और अमेरिकी नागरिक सेवाएं रद्द कर दी गई हैं।

### 'रद्द कर देने चाहिए पाकिस्तानियों के सभी वीजा'

गौरतलब है कि कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर हिंसक प्रदर्शन हुए। इसके बाद एक अमेरिकी रूढ़िवादी (कंजरवेटिव) कार्यकर्ता ने अमेरिका के विदेश विभाग से मांग की है कि पाकिस्तानियों के सभी वीजा, यहां तक कि ग्रीन कार्ड भी रद्द कर दिए जाएं। लॉरा लूमर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री मार्को रुबियो को टैग करते हुए लिखा 'अमेरिकी विदेश विभाग को पाकिस्तानियों के सभी वीजा और ग्रीन कार्ड भी जब तक संभव हो, निलंबित कर देने चाहिए।'

उनकी यह मांग कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास परिसर के बाहर हिंसक प्रदर्शन और झड़पों की खबरों के बाद आई है। लूमर ने दावा किया कि पाकिस्तान में ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत से नाराज छह प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए, ये लोग अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के कड़ी सुरक्षा वाले परिसर में घुसने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि आज दोपहर दोबारा घुसने की कोशिश करने के दौरान कई अन्य लोगों को गोली लगी और उनकी मौत हो गई। हालांकि अमेरिकी विदेश विभाग ने उनकी इस मांग पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुए नूर खान बेस पर अफगानिस्तान का हमला

**काबूल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच जारी जंग के बीच तालिबान ने पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस और क्वेटा जैसे सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए। तालिबान का दावा है कि इन हमलों में 32 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और दो ड्रोन गिरा दिए गए। यह कार्रवाई पाकिस्तान के हवाई हमलों के जवाब में की गई है।

**मारे गए 35 पाकिस्तानी सैनिक**

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले चार दिनों से दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने हैं। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया, अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए हैं। इस कार्रवाई से दोनों पड़ोसी देशों के बीच हालात और ज्यादा बिगड़ गए हैं।

सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में अफगान रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हमले रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर हुए। इसके अलावा बलूचिस्तान के क्वेटा में 12वीं डिवीजन के मुख्यालय और खैबर पख्तूनख्वा की मोहमंद एजेंसी में ख्वाजाई कैंप पर भी बमबारी की गई।

तालिबान का दावा है कि उन्होंने पाकिस्तान के कई अन्य जरूरी सैन्य कमांड सेंटरों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह ऑपरेशन पाकिस्तानी सेना की हालिया घुसपैठ का बदला है। पाकिस्तान ने पिछले दिनों काबुल और बगराम एयरबेस पर हमले किए थे। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने फिर से अफगान हवाई सीमा का उल्लंघन किया या कोई आक्रामक हरकत की, तो उसे और भी कड़ा और निर्णायक जवाब मिलेगा।

यह तनाव तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ खुली जंग का एलान कर दिया।

# 'हिजबुल्ला के इस्राइल पर हमले गैर-जिम्मेदाराना'

**नई दिल्ली।** दक्षिणी लेबनान से हिजबुल्ला के रॉकेट हमलों के बाद प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने इसे गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि इससे देश की सुरक्षा खतरे में पड़ती है और इजराइल को हमले का बहाना मिलता है। हमलों के जवाब में इस्राइल ने हवाई हमले किए, जबकि युद्धविराम के बाद यह पहली बड़ी झड़प मानी जा रही है।



लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने दक्षिणी लेबनान से इस्राइल की ओर दागे गए रॉकेट हमलों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम देश की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं और इस्राइल को हमले जारी रखने का बहाना देते हैं। उन्होंने बिना किसी संगठन का नाम लिए कहा कि दक्षिणी लेबनान से रॉकेट लॉन्च करना गैर-जिम्मेदाराना और संदिग्ध कार्रवाई है, जो नागरिकों की सुरक्षा को जोखिम में डालती है और देश को नए संघर्ष की ओर धकेल सकती है।

### देश को किसी नई सैन्य टकराव में घसीटने नहीं देंगे

प्रधानमंत्री सलाम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सरकार देश को किसी नई सैन्य टकराव में नहीं घसीटने देगी और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### हिजबुल्ला ने क्या किया?

यह बयान ऐसे समय आया है जब उग्रवादी संगठन हिजबुल्ला ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के जवाब में लेबनान से इस्राइल की ओर कई रॉकेट दागे। नवंबर 2024 में लागू हुए युद्धविराम समझौते के बाद यह पहली बार है जब हिजबुल्ला ने इस्राइल पर इस तरह का हमला किया है।

इस्राइल की कार्रवाई रॉकेट हमलों के बाद इस्राइल ने लेबनान के हिजबुल्ला नियंत्रित इलाकों पर हवाई हमले किए। इस्राइली डिफेंस फोर्स ने कहा कि उसने लेबनान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है और हमलों के लिए हिजबुल्ला को जिम्मेदार ठहराया है। इस्राइली सेना के मुताबिक, एक रॉकेट को एयर डिफेंस सिस्टम ने इंटरसेप्ट कर लिया, जबकि बाकी खुले इलाकों में गिरे। उत्तरी इस्राइल में हमलों के दौरान एयर रेड सायरन बजाए गए।

इस्राइल की आपातकालीन सेवा मागेन डेविड अदोम ने बताया कि हमलों में तत्काल किसी की मौत की सूचना नहीं है, हालांकि शेल्टर की ओर भागते समय कुछ लोगों को हल्की चोटें आईं।

### लेबनान और इस्राइल के बीच तनाव

नवंबर 2024 के युद्धविराम के बाद से लेबनान की ओर से रॉकेट हमले बहुत कम हुए थे, लेकिन इस्राइल ने दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में खतरों को रोकने के नाम पर समय-समय पर हवाई हमले जारी रखे हैं। इससे एक दिन पहले हिजबुल्ला प्रमुख नईम कासिम ने औपचारिक श्रद्धांजलि भाषण में अयातुल्ला खामेनेई की हत्या को अपराध की पराकाष्ठा बताया था।

# लेबनान पर इस्राइल का बड़ा हमला: राजधानी बेरुत में धमाकों से दहला शहर

## 31 मरे और 149 से ज्यादा घायल

**बेरुत।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत के बाद हिजबुल्ला ने इस्राइल पर राकेट दागे। इसके जवाब में इस्राइली सेना ने लेबनान पर हवाई हमले किए हैं, जिसमें 31 लोगों की मौत हो चुकी हैं।

ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत के बाद मध्य पूर्व में तनाव और बढ़ गया है। खामेनेई की मौत का बदला लेने के लिए हिजबुल्ला ने इस्राइल पर राकेट से हमला किया। इसके तुरंत बाद इस्राइली सेना ने लेबनान पर जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। इस्राइल ने राजधानी बेरुत समेत लेबनान के कई इलाकों में हवाई हमले किए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक, इस्राइली हमलों में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 149 लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बेरुत के दक्षिणी उपनगरों और दक्षिणी लेबनान पर 'इस्राइली दुश्मन के हमलों' में यह नुकसान हुआ है।

### हिजबुल्ला ने क्यों किया हमला

हिजबुल्ला ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। हिजबुल्ला ने कहा कि अयातुल्ला इमाम सैयद अली अल-हुसैनी खामेनेई की मौत का बदला लेने के लिए उसने राकेट और ड्रोन दागे हैं। संगठन ने इसे लेबनान और उसके लोगों की रक्षा में उठाया गया कदम बताया।



इस्राइली सेना ने कहा कि हिजबुल्ला के राकेट हमले के जवाब में यह कार्रवाई की गई है। सेना ने बताया कि इस्राइली बलों ने पूरे लेबनान में हिजबुल्ला के आतंकी ठिकानों पर हमला करना शुरू कर दिया है। सेना ने बाद में पुष्टि की कि उसने बेरुत इलाके और दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के आतंकियों को निशाना बनाया है।

**एक साल बाद टूटा संघर्ष विराम**

नवंबर 2024 में दोनों पक्षों के बीच एक साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम समझौता हुआ था। इसके बाद हिजबुल्ला की तरफ से इस्राइल पर यह पहला बड़ा हमला है। सोमवार की सुबह बेरुत में कई जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। लोग अपनी जान बचाने के लिए सुरक्षित जगहों की ओर भाग रहे हैं। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी (एनएनए) ने देश भर में इस्राइली हमलों की सूचना दी है। एजेंसी के अनुसार, बेरुत के दक्षिणी उपनगरों और देश के दक्षिणी हिस्से से 'बड़े पैमाने पर पलायन' हो रहा है। ये वो इलाके हैं जहां हिजबुल्ला का प्रभाव माना जाता है।

### लेबनान के प्रधानमंत्री ने की निंदा

लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने इस्राइल पर हुए हमलों को 'गैरजिम्मेदाराना और संदिग्ध' बताया है। उन्होंने हिजबुल्ला का नाम लिए बिना कहा कि उनकी सरकार 'अपराधियों को रोकने और लेबनान के लोगों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी'।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
08 | मंगलवार • 03 मार्च -2026
गाजियाबाद




# लोहा व्यापार मंडल होली मिलन महोत्सव में बरसा मस्ती का रंग



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोहा व्यापार मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्ष अतुल जैन के नेतृत्व में आयोजित होली मिलन समारोह में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और एक दूसरे को बधाई शुभकामनाएं दी। होली मिलन महोत्सव में मुख्य रूप से लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, प्रमुख समाजसेवी तथा भाजपा नेता रामावतार जिंदल, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। होली मिलन महोत्सव में फिल्मी कलाकार अमिताभ बच्चन के डुप्लीकेट ने सभी को आकर्षित किया।

## हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी पर लगातार जारी है विरोध

# व्यापारियों ने 15 दिन का दिया अल्टीमेटम बोले फैसला वापस न हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन

**गाजियाबाद करंट क्राइम** ।गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में की गई भारी बढ़ोत्तरी का मामला अब शहर का बड़ा जनमुद्दा बनता जा रहा है। हाल ही में आए कोर्ट के फैसले के बाद यह मुद्दा और भी गरमा गया है। व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा के पूर्व नेताओं और आम नागरिकों के बीच इस निर्णय को लेकर तीखी प्रतिक्रिया देखी जा रही है। सोमवार को महानगर उद्योग व्यापार मंडल, गाजियाबाद की अगुवाई में अशोक चावला, गोपीचंद, संदीप बंसल सहित विभिन्न व्यापारी संगठनों ने संयुक्त बैठक कर हाउस टैक्स वृद्धि के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर निगम और जनप्रतिनिधियों को 15 दिन का समय दिया जाए, ताकि इस फैसले पर पुनर्विचार कर ठोस समाधान निकाला जा सके। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि हाउस टैक्स में लगभग 300 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी आम जनता और व्यापार जगत के लिए अत्यंत चिंताजनक है। उनका कहना है कि पहले से बढ़ती महंगाई, बिजली-पानी के बढ़े बिल और अन्य करों के दबाव के बीच इतनी बड़ी वृद्धि शहर की आर्थिक संरचना को कमजोर कर सकती है। छोटे और मध्यम व्यापारी सबसे अधिक प्रभावित होंगे, जिसका असर बाजार की रौनक और रोजगार पर भी पड़ेगा।



व्यापार मंडल ने स्पष्ट किया कि वे शहर के विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास के नाम पर जनता पर असहनीय बोझ डालना उचित नहीं है। संगठन की मांग है कि हाउस टैक्स में वृद्धि यदि करनी भी हो तो उसे 10 से 20 प्रतिशत की सीमित और चरणबद्ध दर से लागू किया जाए।

### 15 दिनों में निकालें हल

**करंट क्राइम** : इस बैठक में यह भी कहा गया कि यदि 15 दिनों के भीतर कोई सकारात्मक पहल नहीं होती है, तो व्यापारी संगठन चरणबद्ध आंदोलन, धरना-प्रदर्शन और व्यापक जनसमर्थन अभियान शुरू करेंगे। साथ ही प्रशासन से टैक्स निर्धारण प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने और पूरे मामले की निष्पक्ष समीक्षा कराने की मांग की गई। व्यापारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि हाउस टैक्स का यह फैसला वापस होना या उसमें बड़ी राहत मिलना आम आदमी के हित में जरूरी है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो इसका असर सिर्फ व्यापारियों पर नहीं, बल्कि पूरे शहर की आर्थिक गतिविधियों और आम नागरिकों की जीवनशैली पर पड़ेगा।

# तीन दिन हिंदी भवन में सजेगी भक्तमाल कथा की व्यासपीठ

## आयोजन के प्रमुख संयोजकों में अनिल गर्ग, राम अवतार जिंदल, राजीव, गुलशन भांवरी विशेष रूप से सक्रिय भूमिका निभा रहे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम** । गाजियाबाद संस्कार उपवन परिवार के तत्वावधान में 10वें भक्तमाल जयंती उत्सव के अंतर्गत 5 से 8 मार्च तक हिंदी भवन में भक्तमाल कथा एवं संत समागम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। तीन दिनों तक सजी रहने वाली व्यासपीठ पर देशभर के ख्यातिप्राप्त संत एवं कथावाचक श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। कार्यक्रम में विश्व स्तर की छवि रखने वाले परम श्रद्धेय मलूकपीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज, मशहूर कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय विशेष रूप से शामिल होंगे।

पूज्य नवनीतप्रिय दास भक्तमाल की कथा का रसपान कराएंगे। वहीं भजन संध्या में बाबा चित्र विचित्र, किशन दास (सिरसा वाले), अजय यात्री, कुंज बिहारी दास और महावीर शर्मा अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 4 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा। जानकारी दी गई है कि कथा का प्रसारण संतवाणी चैनल पर भी किया जाएगा।

### मशहूर कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय भी होंगे शामिल, देश के कई प्रमुख संत पहुंचेंगे

कथा उपरांत प्रतिदिन भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। आयोजन के प्रमुख संयोजकों में अनिल, राम अवतार जिंदल, राजीव, गुलशन भांवरी विशेष रूप से सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

इनके अतिरिक्त मुख्य यजमानों में अनिल गर्ग, सेनेटरी वाले, प्रदीप कुमार (साहिबाबाद), मनोज मित्तल (लोहे वाले), वेद प्रकाश बंसल, अनुराग गर्ग, ललित जायसवाल, अंशुल मित्तल और राजीव मोहन साहे शामिल हैं। व्यवस्थापक मंडल में मुकेश कुमार, डॉ. रोहित पालीराज, आशीष सिंघल, अतुल गुप्ता, नवीन कुमार, राजकुमार गुप्ता, मुकेश गोयल और सीमा गोयल आदि सहयोग कर रहे हैं। आयोजकों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भक्तमाल कथा एवं संत समागम का लाभ लेने की अपील की है।

# मजार के पास अतिक्रमण देखकर मेयर भड़कीं, कब्जा हटाने की दी चेतावनी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम की सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान के तहत एक बार फिर सख्त कार्रवाई देखने को मिली। शहर भ्रमण के दौरान महापौर सुनीता दयाल ने लोहिया नगर फ्लाईओवर के नीचे स्थित हरित पट्टी पर अवैध कब्जे के प्रयास को गंभीरता से लिया और मौके पर पहुंचकर संबंधित लोगों को कड़ी चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मजार के पास एक महिला द्वारा चादर, प्रसाद, अगरबत्ती और दानपात्र रखकर दुकान संचालित की जा रही थी। साथ ही वहां अस्थायी रूप से रहने की भी व्यवस्था कर ली गई थी, जिससे स्थायी कब्जे की मंशा साफ झलक रही थी। हरित पट्टी जैसे सार्वजनिक स्थल पर इस प्रकार की



व्यावसायिक गतिविधि को महापौर ने नियमों के विरुद्ध बताया। मौके पर मौजूद युवक और उसकी मां को फटकार लगाते हुए महापौर सुनीता दयाल ने स्पष्ट निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर स्वेच्छा से स्थल खाली किया जाए। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को भी सख्त आदेश दिए कि यदि तय समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नियमानुसार बलपूर्वक कार्रवाई कर अवैध निर्माण और कब्जा हटाया जाए।

महापौर सुनीता दयाल ने कहा गाजियाबाद की सार्वजनिक भूमि, पार्क और हरित पट्टियां आम जनता की संपत्ति हैं। यहां किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या व्यावसायिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निगम लगातार अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला रहा है और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, चाहे वह कोई भी हो।

गौरतलब है कि इससे पहले भी नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में 20 से अधिक स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा चुकी है। महापौर के सख्त रुख के चलते अवैध कब्जाधारकों में हड़कंप मचा हुआ है और प्रशासनिक टीमों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम का स्पष्ट संदेश है कि सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# नौ शातिर अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

## सीपी के निर्देश पर लिया गया एक्शन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नौ शातिर अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर रविंदर गौड के निर्देशन और डीसीपी सिटी धवल जयसवाल के नेतृत्व में की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष अब




तक कुल 44 अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। ताजा कार्रवाई में अलग-अलग थानाक्षेत्रों के कुख्यात आरोपियों को चिन्हित कर गैंगस्टर की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।




### इन आरोपियों पर हुई कार्रवाई

**थाना सिहानी गेट** : दीपक, धर्मेंद्र और फुरकान
**थाना कवि नगर** : करण और हिमांशु
**थाना विजयनगर** : अमन, हैप्पी उर्फ अभिषेक
**थाना मधुबन बापूधाम** : सोनू उर्फ सनी, राजा और मुकेश

पुलिस के अनुसार इन सभी आरोपियों के खिलाफ दो से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। कई मामलों में ये आरोपी संगठित अपराध, लूट, चोरी और अन्य गंभीर अपराधों में संलिप्त पाए गए हैं। पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि संगठित अपराध पर रोक लगाने और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अपराध की गति पर प्रभावी नियंत्रण के लिए गैंगस्टर एक्ट जैसे कड़े कानूनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि अपराधियों में कानून का भय बना रहे और आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# कारोबारी से 35 लाख की ठगी के मामले दो लोग गिरफ्तार

**मुरादनगर**। क्राइम ब्रांच से बताकर कार्रवाई का डर दिखा कारोबारी से 35 लाख की ठगी करने के मामले में पुलिस ने रविवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कार व 10.30 लाख रुपये बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने इस मामले में गंगनहर के पास से फुरकान और उसके साथी विनोद चौहान निवासी ईस्ट दिल्ली, मानेसर पार्क को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर दस लाख तीस हजार रुपये और वारदात में इस्तेमाल क्रेटा कार बरामद की है। पुलिस आरोपी रामविलास की तलाश कर रही है। एसीपी ने बताया कि इमरान अपने परिचित फुरकान निवासी कस्बा ठिरिया निजावत खां थाना कैंट जनपद बरेली के साथ मोदीनगर तहसील में कृषि भूमि की जमीन की रजिस्ट्री कराने जा रहे थे, उसी समय उनसे ठगी की गई।




▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम नाप सकते हैं कितना है आसमान? लेकिन अध्यक्ष जी की है कितनी गहराई, इसका अंदाजा नहीं है हमें श्रीमान? हमने पूरी कोशिश कर ली, ये जानने को कि उन्होंने दिये हैं कौन से नाम? हम प्रयास कर-कर के गये हैं हांफ? पता ही नहीं चल रहा वो किसका हकीकत में बदलेंगे ख्वाब?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें मिली हैं अंदर से जानकारी? गर्ग साहब चाहते हैं कुशवाहा जी खेलें संगठन में पारी? पहले भी उन्होंने इनको अध्यक्ष बनवाने के किये थे प्रयास? मगर दांव कुछ ऐसा चला हैवीवेट वालों ने कि बन ही नहीं पाई बात? अब देखना ये है कि महानमंत्री वाले मैटर में कितना असर दिखायेगा उनका पैगाम? ये तो मोहब्बत है गर्ग साहब की? वरना कहां वो जल्दी से लेते हैं किसी का नाम?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारे दिमाग में ये प्रश्न हुआ जारी? लेडी जनप्रतिनिधि ने किसकी की होगी पैरोकारी? जब हमने टटोला तो निकल कर आये तीन नाम? सुना है मैडम सिंह, मिस्टर कुशवाहा और पोडकॉस्ट वाले शर्मा जी का दिया है उन्होंने नाम? देखना अब ये है अगर इस बात में है दम? कम से कम दो नाम जरूर आयेंगे टीम में? क्योंकि इस पैरोकारी में है हकीकत में दम?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वैसे ही आया हमारे दिमाग में ख्याल? किसकी सिफारिश करके आये होंगे, बड़े दिल वाले मिस्टर पाल? जब टटोला तो सामने आया उन्हीं की बिरादरी वाले चाबी खोने वाले का नाम? सुना है उन्होंने की है चौधरी की भी दुहाई? तीसरा नाम हमें याद नहीं आ रहा? जैसे ही पता चलेगा, आपको बता दूंगा भाई?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम जानना चाह रहे थे कश्यप जी के भी इस मामले में जज्बात? हम ढूंढ रहे थे कि उन्होंने किसकी रखी है बात? मगर उन्होंने यहां पर दे दिया गोपनीयता का पैगाम? पता ही नहीं चला उन्होंने दिया है कौन सा नाम? फिर भी हमने किया अपनी सिक्स्थ सेंस का इस्तेमाल? किसी का रखा हो या ना रखा हो? उन्होंने जरूर रखा होगा अपने प्रिय कवि के अलावा किसी ओबीसी चेहरे का ख्याल?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे मीटिंग वाले रूम के आस-पास? हमने देखा हैवीवेट वालों ने यहां पर रखी एक महत्वपूर्ण बात? कहा अकेले-अकेले नहीं सबके सामने होनी चाहिए नामों की चर्चा? ऐसा नहीं होता है तो होगा डाउट क्रिएट? उनके शब्दों को सुनकर हमें हो रहा था एहसास? स्पष्टता से कमेटी घोषित हो जाये? नहीं हो मामला बिल्कुल भी लेट?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूरे मान से उन्होंने भी दिये हैं तीन नाम? पता चला है वो अपने प्रिय बाल्मिकी के अलावा पूरे विनोद से किसी के लिए दुआ देकर आये हैं श्रीमान? हमें पता है उनके दिल में था चौहान को लेकर भी विचार? मगर क्या करें, उनकी उम्र तो हो गई है 53 के पार?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** यहां पर दो नाम ऐसे भी हैं जिन्होंने ढूंढी है मजबूत वाली सिफारिश? सब जानते हैं त्रिपाठी जी अगर कहेंगे तो उनकी बात को नहीं कर पायेगा कोई भी खारिज? यहां पर चर्चा में है इस सिफारिश को लेकर भगवा झा और खोड़ा वाले मिश्रा जी का भी नाम? देखना अब ये है ये वाली सिफारिश आती है किसके काम?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सिफारिश की इस दौड़ में सबसे बड़े गेम चेंजर बनेगें मिस्टर माही? पता चला है उन पर त्रिपाठी जी का आशीर्वाद देगा दिखाई? साथ ही वेस्टर्न वाले ठाकुर और प्रदेश वाले चौधरी साहब भी बनायेंगे इस चेहरे की बात? हमें तो मजबूत लग रहा है इस हिसाब से इस चेहरे का दांव?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** चलो थोड़ा सा कोर कमेटी से बाहर आकर पहलवान के अपने दोस्त के प्रति प्यार का भी कर दो इजहार? होली मिलन कार्यक्रम में उन्होंने फिर से संभाला पुराने दोस्त का प्रभार? पूरी शिद्दत से रहे वो कार्यक्रम में मौजूद? दोस्त का मजबूत करते रहे वजूद? कमांडर के कार्यक्रम से जाने के बाद भी उन्होंने संभाला हुआ था पांच बजे तक मोर्चा? दोस्ती में बहार फिर से आ गई है? हो रही थी इस बात की चर्चा?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।